सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 21.5 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81183.93 |
| निफ्टी | 24852.15 |
| सोना 71,090 | चांदी 87,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 7 सितंबर 2024 | 23 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 261, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उत्तराखंड में भूकंप के लगे झटके




**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार सुबह 3.00 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिली जानकारी के मुताबिक भूकंप का केंद्र बिंदु सिंगतुर वन क्षेत्र, उत्तरकाशी-हिमाचल बॉर्डर बताया गया है। हालांकि, किसी भी प्रकार के नुक्सान की कोई सूचना नहीं है।

### 5 लाख के इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके नारायणपुर से इनामी नक्सली दंपती के सरेंडर किए जाने की खबर सामने आई है। बता दें कि इन नक्सली दंपती पर 5 लाख रुपए का इनाम था। दोनों ने एसपी प्रभात कुमार के सामने सरेंडर किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों कई वर्षों से नक्सली संगठन में सक्रिय थे और कई नक्सल गतिविधियों में भी शामिल रहे हैं।

### जो बाइडेन के बेटे हंटर ने स्वीकारा अपराध

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडन ने संघीय कर मामले में आरोपों को स्वीकार कर लिया है। हंटर का यह निर्णय



वीरवार को तब आया, जब संघीय कर मामले में जूरी चयन शुरू होने वाला था, जिसमें उन पर करों में कम से कम 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया था। आरोपों में 17 साल तक की सजा का प्रावधान है। सजा पर 16 दिसंबर की तारीख तय की गई है।

### अमानतुल्लाह खान की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू



कोर्ट ने अमानतुल्लाह के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी हिरासत बढ़ा दी है। अब वह 9 सितंबर तक ईडी की हिरासत में रहेंगे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पुणे में हिमाचलियों ने करवाया 'हिमाचली मिलन' कार्यक्रम पेज 4
- लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने को लगेंगे निशुल्क प्रशिक्षण कैंप -पेज 7
- लौंगणी में एचआरटीसी बस की खुली रॉड, टला हादसा -पेज 9
- स्थायी ठिकाना न मिलने पर रेहड़ी चालक जाएंगे हाई कोर्ट -पेज 12
- पैरालंपिक : प्रवीण कुमार को ऊंची कूद में सोना -पेज 14


**मानसून सत्र** विधायक नंद लाल ने उठाया लापता लोगों के परिजनों को राहत राशि देने का मामला

# प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों को मृत घोषित करने की कम करेंगे अवधि : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र में आपदाओं में लापता हुए लोगों के परिजनों को राहत राशि का भुगतान करने के मामले पर विचार किया गया। विधायक नंद लाल की तरफ से सवाल उठाया गया कि आपदाओं में लापता हुए लोगों के परिजनों को 7 वर्ष के बाद राहत राशि का भुगतान किया जाता है।

इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों को मृत घोषित करने की अवधि कम करने का प्रयास किया जाएगा। अभी सात साल तक इंतजार करने के बाद ही ऐसे लापता लोगों को मृत घोषित किया जाता है। वहीं, इससे पूर्व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्रीय एक्ट में ही सात साल तक इंतजार करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पुलिस एफआईआर दर्ज होने के बाद लापता लोगों को मृत घोषित किया जाता है। हम भी प्रयास करेंगे कि हिमाचल में भी ऐसा हो सके। मंत्री ने बताया कि बीते दो वर्ष के दौरान आपदा के कारण 41 लोग लापता हुए हैं। विधायक नंद लाल ने कहा कि जिस तरह से बादल फट रहे हैं तथा पता है कि गांव बह गया है, ऐसे में 7 वर्ष का इंतजार करते हैं तो उस दौरान याद्दाश्त क्या रहती है उसका पता नहीं। ऐसे में सरकार को इस 7 वर्ष की अवधि को कम करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़नी चाहिए।



विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधायक नंद लाल के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## सेब पर आयात शुल्क न बढ़ाने पर पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

**शिमला।** विधानसभा में सेब पर आयात शुल्क न बढ़ाने के मामले में पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गए। सदन में ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने सेब पर आयात शुल्क का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सेब उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है। उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है और रेट गिर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि आयात शुक्ल बढ़ाया तो नहीं गया, मगर प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को इंपोर्ट ड्यूटी 20 प्रतिशत करने का भरोसा दिया है। ऐसा हुआ तो प्रदेश का सेब उद्योग उजड़ जाएगा। राठौर ने कहा अफगानिस्तान के रास्ते बड़ी मात्रा में सेब ईरान व टर्की के रास्ते हिंदुस्तान के बाजार में आ रहा है, क्योंकि पुराने करार के कारण ईरान के सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगती। राठौर ने 5 हजार करोड़ रुपए की सेब आर्थिकी को बचाने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी को 100 प्रतिशत करने की मांग की। वहीं, जवाब में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार कई बार केंद्र को पत्र लिखकर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग कर चुकी है, मगर प्रधानमंत्री मोदी अपना वादा पूरा करने के बजाय हिमाचल की सेपू बड़ी की तारीफ करते हैं। जगत नेगी ने कहा सेब हिमाचल की आर्थिक का बड़ा साधन है। साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी ने सुजानपुर और सोलन रैली में सेब पर आयात शुल्क 100 प्रतिशत करने का भरोसा दिया था। 10 साल से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी केंद्र सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया।

### बलवीर बोले-सेब के दाम खुद तय करने का वादा नहीं हुआ पूरा

**चौपाल** से विधायक बलवीर वर्मा ने इस पर सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अब तक वो वादा पूरा क्यों नहीं किया, जिसमें कहा गया था कि सेब बागवान दाम खुद तय करेंगे। इस पर जगत नेगी



ने कहा कि हमने भी इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के हिसाब से वादा किया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सेब को किलो के हिसाब से बेचने, यूनिवर्सल कार्टन अनिवार्य करने, एमआईएस की सारी देनदारी खत्म करने, कीटनाशकों पर सब्सिडी बहाल करने जैसे काम किए हैं। कांग्रेस सरकार बागवानों के हित में हर वे कदम उठा रही है, जो जरूरी है।

# महिलाओं को 1500 रुपए पर नया नियम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा में शुक्रवार को हिमाचल में महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने वाली योजना को लेकर अब सरकार ने नया नियम बना दिया है। भाजपा विधायक सुखराम चौधरी, राकेश जम्वाल, रणधीर शर्मा, पवन कुमार काजल, विनोद कुमार आदि की ओर से 1500 रुपए वाली योजना को लेकर सरकार से सवाल पूछे गए, जिस पर कैबिनेट मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत परिवार की एक महिला को ही लाभ मिलेगा। मंत्री के इस ऐलान के साथ ही सदन में हंगामा मच गया।

**परिवार में एक ही महिला को पैसे देने के ऐलान पर सदन में हंगामा**

विपक्ष ने सरकार पर योजना के नाम पर ठगने का आरोप लगाया है। योजना के तहत कितने आवेदन आए हैं? भाजपा विधायकों की ओर से पूछे गए इस सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिए गए लिखित जवाब में बताया गया कि बीते डेढ़ साल से 31 जुलाई, 2024 तक इस योजना के तहत 18 से 59 साल की आयु वर्ग की कुल 7,88.784 महिलाओं ने आवेदन किए हैं।



पूछे गए सवाल के मुताबिक, विभाग की ओर से जिला और निर्वाचन क्षेत्र वार महिलाओं के आवेदन की जानकारी भी दी गई है। कितने महिलाओं को मिले 1500 और कितने आवेदन रद्द किए गए, इस पर भी विभाग की ओर से बताया गया कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-256 में 2284.70 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है और अब तक कुल 28,249 महिलाओं को इस योजना के तहत निधि मिली है। वहीं, तय पात्रता नहीं रखने के कारण 2384 आवेदन रद्द भी किए गए हैं। वहीं, विपक्ष ने हर जिले में कितनी महिलाओं को पहले से मिल रही पेंशन में बढ़ाई राशि का मामला भी उठाया।

### किस जिले में कितनी महिलाओं को मिला लाभ

**हिमाचल** में सभी जिलों में महिलाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिसके तहत बिलासपुर जिले में 14,912, मंडी में 38,018, सिरमौर में 19,474, कुल्लू में 16,851, शिमला में 26,048, किन्नौर में 2,508, सोलन में 16,329, कांगड़ा में 54,102, हमीरपुर में 15,358, चंबा में 19,609, लाहौल-स्पीति में 1,144 और ऊना जिले में 21,528 महिलाओं को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ मिल रहा है। ये महिलाएं पहले से सामाजिक न्याय पेंशन के दायरे में आती हैं, जिनको बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।

# हिमाचल में भांग की खेती वैध करने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सदन में राजस्व मंत्री ने नियंत्रित वातावरण में औद्योगिक, वैज्ञानिक और औषधीय प्रयोजनों के लिए भांग की खेती को वैध बनाने से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें देने के लिए राज्य सरकार की ओर से गठित समिति की रिपोर्ट पेश की।


10 सदस्यों की इस कमेटी ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। आने वाले वक्त में इससे हिमाचल प्रदेश की आय वृद्धि का दावा



किया जा रहा है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी की सिफारिश के मुताबिक, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 10 के तहत राज्य सरकार को प्रदत शक्तियों के आधार पर नियंत्रित वातावरण में औषधीय और वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किसी भी भांग के पौधे की खेती, उत्पादन, निर्माण, कब्जा, परिवहन, आयात-निर्यात, बिक्री, खरीद खपत या भांग (चरस को छोड़कर) की खेती की अनुमति, नियंत्रण और विनियमन के लिए हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम, 1989 में संशोधन किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के 25 संकल्प

**अशोक ठाकुर, जम्मू**



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को जम्मू पहुंचे, यहां उन्होंने पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश के लोगों से भाजपा ने 25 बड़े वादे किए हैं। इसमें अग्निवीरों को जम्मू-कश्मीर की सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत कोटा देने का भी वादा है।

**अग्निवीरों को 20 प्रतिशत कोटा, अनुच्छेद 370 अब कभी नहीं लौट सकता**

संकल्प पत्र जारी करते हुए शाह ने कहा कि आजादी के समय से हमारी पार्टी के लिए जम्मू-कश्मीर बहुत अहम रहा है। आजादी के समय से ही हमने इसे भारत के साथ जोड़ने के लिए बहुत प्रयास किए। पहले भारतीय जनसंघ फिर भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 इतिहास बन चुका है। अब यह लौटकर नहीं आएगा।

संकल्प पत्र में आतंकवाद खत्म करने, मां सम्मान योजना, उज्ज्वला के तहत दो फ्री सिलेंडर, पांच लाख रोजगार, स्टूडेंट्स को हर वर्ष 3000 रुपए, टेबलेट लैपटॉप, पूर्ण राज्य का दर्जा, अर्थव्यवस्था बढ़ाने, उद्योग लगाने, भूमिहीनों को जमीन, वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 1000 सीटें, किसानों को सम्मान निधि, कश्मीरी पंडितों की वापसी जैसे वादे किए। (अनंत ज्ञान)

## विनेश और पूनिया कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का 'हाथ' थाम लिया। यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। विनेश जुलाना से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी, तो बजरंग चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे पहले फोगाट ने शुक्रवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय रेलवे से इस्तीफा दे दिया था।

# केन्या: छात्रावास में लगी आग, 17 छात्रों की मौत

**एजेंसी, नैरोबी**

केन्या में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओन्यांगो ने बताया कि न्येरी काउंटी के हिलसाइड



एंडाराशा प्राइमरी में गुरुवार रात आग लगी और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आग किस कारण से लगी।

उन्होंने कहा कि हम कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। केन्या के आवासीय विद्यालयों में आग लगना आम बात है। इन विद्यालयों में बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं, क्योंकि माता-पिता का मानना है कि इनमें रहने से उनके बच्चों को पढ़ाई के लिए अधिक समय मिलता है।

## सुरक्षाबलों पर हमले की बड़ी साजिश नाकाम, आतंकी मददगार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जम्मू।** विधानसभा चुनाव के बीच पुलवामा पुलिस ने आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। आतंकी मददगार को गिरफ्तार कर एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार वीरवार को पुलवामा के करीमाबाद में क्रॉसिंग पर नाका लगाकर जांच की जा रही थी। इस दौरान अरसलान अहमद शेख निवासी करीमाबाद के कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सुरक्षाबलों की नाका पार्टी पर ग्रेनेड हमले की फिराक में था। पुलिस की समय पर कार्रवाई से हमला विफल हो गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में 65 फीसदी आरक्षण वाली याचिका पर जारी किया नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार सरकार की आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ा कर 65 फीसदी करने के मामले में बड़ी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। दरअसल नीतीश सरकार के इस फैसले को पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसी के खिलाफ आरजेडी सुप्रीम कोर्ट गई थी।

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानून को रद्द करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राजद की एक याचिका पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा। इस कानून में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राजद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की दलील पर संज्ञान लिया कि याचिका पर फैसले की आवश्यकता है।

**कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला**

# पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, कोलकाता**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप है। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को ईडी ने 6 ठिकानों पर छापा मारा। इसमें घोष का बेलियाघाटा वाला घर भी शामिल है। इसके अलावा एजेंसी हावड़ा और सुभाषग्राम में अन्य दो स्थानों पर भी छानबीन कर रही है।

उधर, इस मामले की जांच सीबीआई भी कर रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। सीबीआई जांच के खिलाफ घोष की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह 8 दिन की कस्ट्डी में है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। इससे पहले 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी।

**बाजार** सेंसेक्स ने लगाया 1,017 अंक का गोता

# निवेशकों के 5.22 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी, मुंबई**



वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया। इससे निवेशकों के शेयर मार्केट में 5.22 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,017.23 अंक या 1.24 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,219.23 अंक फिसलकर 80,981.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 292.95 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,852.15 अंक पर आ गया। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन भारी गिरावट के साथ हुआ। यह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक में सर्वाधिक चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी नुकसान रहा।

दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में भी गिरावट दर्ज की गई।



## न्यूज ब्रीफ

### नीरज ठाकुर दूसरी बार बने एसएमसी पीरन के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन की नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जिसमें नीरज ठाकुर को दूसरी बार एसएमसी अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए है। प्रधानाचार्य महेश शर्मा की अध्यक्षता में एसएमसी की बैठक आरंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं बन पाई। इसके अतिरिक्त रंजना ठाकुर, किरण ठाकुर, विद्या चौहान, सुष्मा कौशल, वीना देवी, निशा देवी, मीरा देवी, कुलदीप ठाकुर, राजेन्द्र , नंदलाल प्रेमी, जगदीश शर्मा, देवदत शर्मा, गुमान सिंह और इंद्र सिंह को एसएमसी का कार्यकारी सदस्य मनोनित किया गया है। इसके अतिरिक्त शिक्षक मीरा परिहार, शीला शर्मा और राहुल शर्मा को सरकारी सदस्य तथा स्थानीय पंचायत प्रधान किरण शर्मा को भी बतौर सदस्य शामिल किया गया है ।

### देवत-झिकनीपुल में आज बंद रहेगी बिजली

**चौपाल, नेरवा।** विद्युत उपमंडल नेरवा के अंतर्गत नियंत्रण केंद्र में आवश्यक रख-रखाव हेतु झिकनीपुल, देवत, शिलिकायन, कुंबड़ा, देवत, खैल, मशरोह, टिपरा मड़ावग, घूरला, टियाडी आदि में 7 सितंबर को प्रातः 10:00 से शाम 6:00 बजे तक, विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता विद्युत इकाई नेरवा भारत भूषण ने उपभोगताओं से सहयोग की अपील की है।

### राजकीय उच्च पाठशाला धाली में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के मशोबरा ब्लॉक के तहत आने वाले राजकीय उच्च पाठशाला धाली में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाठशाला के मुख्याध्यापक राकेश वर्मा की अगवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल परिसर में फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ शिक्षिका रमा डोगरा ने बताया कि पौधों का मानव जीवन में महत्व बहुत ज्यादा है। इस कार्यक्रम में मुख्याध्यापक राकेश वर्मा, रमा डोगरा, अंजूबाला और पूनम आदि मौजूद रहे।

### चमियाना अस्पताल में ओपीडी सेवाएं बंद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना में फिलहाल ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। हाई कोर्ट के आदेशों को बाद हिमाचल सरकार ने इस बाबत निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देशों के मुताबिक, जब तक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना की ओर जाने वाले खराब रास्तों की हालत में सुधार नहीं कर दिया जाता तब तक ओपीडी सेवाएं यहां बंद रहेगी। अगले आदेशों तक इन सेवाओं को आईजीएमसी शिमला में सुचारू किया जाएगा। इलाज करवाने आ रहे लोगों के लिए ये अच्छी खबर है क्योंकि बहुत लोगों ने ये शिकायत की है कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना की ओर जाने वाले रास्ते की हालत बेहद खराब है।

### जुब्बल व शिमला से हनोल के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू

**दशमी रावत, रोहड़ू।** महासू देवता के जागरा पर्व को लेकर जहां देवी-देवताओं के मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं चार भाई महासू देवता महाराज की पवित्र स्थली हनोल में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा रोहड़ू जुब्बल व शिमला से दो दिन 6 व 7 सितंबर के लिए विशेष रूप से हनोल के लिए बस सेवा शुरू की है। लोंगों ने बताया कि रोहड़ू जुब्बल व शिमला से हनोल के लिए बस सेवा साल भर चलनी चाहिए । इस दौरान श्रद्धालुओं ने एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा शुरू की गई बस को लेकर सराहना की है। क्षेत्रीय प्रबंधक रोहड़ू प्रिय रंजन चौहान ने बताया कि 6 सितंबर को रोहड़ू से हरिद्वार बस त्यूनी व हनोल होकर सुबह 5 बजे जाएगी। रोहड़ू से सुबह 9 बजे बस जाएगी और दोपहर 2 बजे वापस आएगी। वहीं रोहड़ू से हनोल के लिए सुबह 11 बजे बस जाएगी और दोपहर 3:30 बजे बस वापस आएगी। जुब्बल से हनोल के लिए बस दोपहर 12 बजे जाएगी और रात्रि ठहराव हनोल में होगा।

### दधोल स्कूल में छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**बलवंत कमल, दधोल।** चाइल्ड हेल्पलाइन बिलासपुर टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे नशे को लेकर जागरूक किया व नशा मुक्ति बैनर स्कूल में स्थापित किया। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को पर्यवेक्षक अभिषेक एवं प्रशांत शर्मा द्वारा नशा निवारणपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। क्षेत्र में नशा न फैले और इसे रोकने हेतु जागरूक चाइल्ड हेल्पलाइन टीम दिन-रात कार्य कर रही है। जैसे बाल श्रम, बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा, बच्चों का अवैध व्यापार, बाल स्वास्थ्य, बाल विवाह, बेघर व लापता बाल श्रम, बच्चों की शिक्षा संबंधी समस्या में 1098 डायल कर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पोस्टर मेकिंग में कनिका ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी इकाई ने सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, एचआईवी और विविधता में एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समस्याओं को उजागर किया, जिसमें कनिका ने प्रथम, राहुल और शिवानी ने द्वितीय और शिवानी शर्मा, शिवांश और रोहित तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य राम कृष्ण ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम भी होते हैं। एनसीसी प्रभारी राजीव शर्मा ने इस आयोजन का सफल संचालन किया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी कैडेट्स की सराहना की। उन्होंने इस तरह की गतिविधियों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो प्रीतम लाल, कैडेट्स राहुल, अतुल, पायल, नैना, शिवानी, कृतिका, सत्यम, शिवम, कनिका, राज कुमार तथा अन्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री 15 के बाद करेंगे वाटर स्पोर्ट्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर हिमाचल में नए पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। जिला प्रशासन बिलासपुर गोबिंदसागर झील में क्रूज व शिकारा लांच करने की तैयारी में है, जिसका शुभारंभ 15 सितंबर के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। जिला बिलासपुर को नए पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए उपायुक्त बिलासपुर के प्रयासों की मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधानसभा के पटल से जमकर तारीफ की और उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद भी किया। ऐसा कम ही मौका आता है जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने विधानसभा के पटल से किसी जिला के उपायुक्त की इस तरह तारीफ की हो। आबिद हुसैन सादिक ने जिला बिलासपुर के उपायुक्त का कार्यभार संभालते ही बिलासपुर को नए पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के सभी संभावनाओं की तलाश शुरू की और चंडीगढ़ मनाली फोरलेन पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बंदलाधर में पैराग्लाइडिंग साइट को स्थाई नोटिफाई कराया इसके अतिरिक्त गोविंद सागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए भी पर्यटन विभाग के माध्यम से स्थाई नोटिफाई करवाया जिसके कारण अब वर्ष पर गोविंद सागर झील में पर्यटन गतिविधियां हो होंगी। उपायुक ने बताया कि बिलासपुर में मानव निर्मित गोविंद सागर झील और कोल डैम पूंजी के रूप में जिला के पास है जिसका इस्तेमाल कर बिलासपुर को एक पर्यटक स्थल बनाया जाएगा। जिला बिलासपुर में पर्यटक गतिविधियां धीरे-धीरे शुरू हो रही है और आने वाले कुछ वर्षों में बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियां केरल और गोवा की तर्ज पर विकसित होंगी।

### घुमारवीं अस्पताल में मरीजों के खून की जांच बंद

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के दूसरे सबसे बड़े सिविल अस्पताल घुमारवीं में स्थित पैथोलॉजी लैब में शुक्रवार से ओपीडी में आने वाले मरीजों के खून की जांच बंद कर दी गई है। अब यहां सिर्फ आपातकालीन अवस्था में ही मरीजों की ही जांच हो पाएगी और इसका कारण अस्पताल लैब में रीएजेंट उपलब्ध नहीं हो पाना बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो शुक्रवार को ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह फरमान जारी किया गया है कि लैब में अब केवल आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों के ही खून की जांच हो पाएगी। लोगों का कहना है कि इससे मरीजों परेशानियां बढ़ गई हैं और इन परेशानियों को देखते हुए इस समस्या का तत्वरित समाधान निकाला जाना आवश्यक है। बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रबंधन के पास रीएजेंट खरीदने के लिए बजट ही नहीं है। रोगी कल्याण समिति के पास जिस तरह से बजट की कमी सामने आई है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि यह समस्या आने वाले कई दिनों तक हल नहीं हो पाएगी। (अनंत ज्ञान)

## विवादित मस्जिद में नमाज, आधारकार्ड से मिली एंट्री, संजौली से कुसुम्पटी पहुंचा विवाद

# मस्जिद के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में विवादित मस्जिद में आज करीब 30 लोगों ने नमाज पढ़ी। संजौली में नमाज पढ़ने वाले लोकल लोग थे। सभी को आधार कार्ड दिखाने के बाद मस्जिद में एंट्री दी गई। नमाज पढ़ने वालों में आज कोई बाहरी व्यक्ति नहीं था। बीते दिनों हिंदू संगठनों के लोगों ने आरोप लगाया था कि यहां पर बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ने पहुंचते हैं।

**हिंदू संगठन ने हनुमान चालीसा का किया पाठ**

वहीं संजौली से सुलगी चिंगारी कुसुम्पटी में बनी मस्जिद तक पहुंच गई है। बीती शाम को कसुम्पटी में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने मस्जिद के बाहर इकट्ठा होकर 3 घंटे प्रदर्शन किया। इस दौरान हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। प्रदर्शनकारियों ने विशेष समुदाय के लोगों पर अवैध ढंग से मस्जिद चलाने और इसे तोड़ने की मांग की।

आज भी कुछ लोगों ने कसुम्पटी मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया।

बीती शाम को स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मस्जिद के कागजात देखने के लिए 2 दिन का समय मांगा और उसके हिसाब से कार्रवाई का भरोसा दिया। तब जाकर लोग धरना स्थल से हटने को तैयार हुए।

### कुसुम्पटी से हटाई जाए अवैध मस्जिद : रचना

**कुसुम्पटी** से पार्षद रचना शर्मा ने कहा कि कुसुम्पटी में भी अवैध मस्जिद को हटाया जाए। जिस जगह मस्जिद चल रही है, वह जमीन घर के लिए ली गई थी। घर के भीतर निर्माण करके इसे मस्जिद बना दिया गया। इससे विशेष समुदाय के लोग जब नमाज पढ़ने आते हैं, तो स्थानीय लोगों को यहां परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### संजौली की मस्जिद को लेकर केस की होगी सुनवाई

**शिमला** के नगर निगम आयुक्त कोर्ट में कल संजौली की मस्जिद को लेकर केस की सुनवाई है। अब दोनों पक्षों की नजरे कोर्ट के फैसले पर टिकी है। संजौली में पुरानी मस्जिद 1947 से पहले की बनी है। मगर तब दो मंजिला कच्ची मस्जिद थी। साल 2010 में यहां बहुमंजिला मस्जिद बनाने का काम शुरू हुआ। इसके बाद शिमला में लगभग 35 बार मस्जिद के अवैध निर्माण को रोकने के नोटिस दिए। बीते 14 सालों के दौरान इस मस्जिद को लेकर आयुक्त कोर्ट में 44 पेशी हो चुकी है। कल 45वीं बार सुनवाई है। इधर, लोगों ने मस्जिद के अवैध निर्माण को तोड़ने का अल्टीमेटम दे रखा है।

### बिना मंजूरी के बनी 5 मंजिला मस्जिद

**आरोप** है कि संजौली के पॉश इलाके में बिना अनुमति और नक्शा पास किए बगैर 5 मंजिला मस्जिद बना दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने आते हैं। 5 दिन पहले प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जब मुस्लिम समुदाय के लोग यहां इकट्ठा होते हैं तो कुछ घरों में ताक-झांक करते रहते हैं।

### 4-5 सालों से मस्जिद में बढ़ी गतिविधियां

**नगर** निगम शिमला के पूर्व डिप्टी मेयर राकेश शर्मा ने कहा, बीते 4-5 सालों से यहां गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, यह जमीन वक्फ बोर्ड ने सदीक मोहम्मद की पत्नी मुमताज बेगम के नाम पर लीज पर दी थी। उनके बच्चों ने इसे बाहर से आने वाले लोगों को दे दिया। जिसके बाद से यहां बाहर के लोगों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई। उन्होंने कहा यहां से 1 किलोमीटर आगे दूसरी मस्जिद है। ऐसे में इस मस्जिद की क्या जरूरत है। नमाज के समय यहां से चलना मुश्किल हो जाता है।

## भौतिक सत्यापन समिति ने किया चौपाल कॉलेज पुस्तकालय का निरीक्षण



महाविद्यालय चौपाल में उपस्थित सत्यापन कमेटी ।

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित लाइब्रेरी ग्रेडिंग निरिक्षण हेतु गठित सेल्फ वेरिफिकेशन कमेटी द्वारा राजकीय महाविद्यालय चौपाल में पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। राजकीय महाविद्यालय चौपाल के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र चौहान, लाइब्रेरी कमेटी की समन्वयक सहायक आचार्या नेहा शर्मा, लाइब्रेरी इंचार्ज दिनेवा मेहता ने महाविद्यालय में पहुंचने पर कमेटी सदस्यों का स्वागत किया।

सरकार द्वारा गठित भौतिक सत्यापन समिति के सदस्य के रूप में डॉ. भूपिंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय टिक्कर, डॉ. प्रेम प्रकाश चौहान प्राचार्य राजकीय महाविधालय सरस्वती नगर सावड़ा एवं अशोक शर्मा सहायक लाइलेरियन टिक्कर उपस्थित रहे ।

कॉलेज निष्पादन लाइब्रेरी समिति द्वारा अब तक के संपूर्ण कार्य निष्पादन का प्रमाणिक दस्तावेज एवं अधिकारिक रिकॉर्ड भौतिक सत्यापन कमेटी को उपलब्ध करवाया गया।

इस मौके पर कमेटी द्वारा पुस्तकों की संख्या, समाचार पत्रों की संख्या, मैगजीन संबंधित सभी दस्तावेज, लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए बैठने की व्यवस्था, पुस्तक जारी करने की संख्या, पीने के पानी व शौचालय की सुविधा इत्यादि का आंकलन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका सुश्री कन्या नेगी, सहायक प्राध्यापिका प्रियंका ठाकुर, मिताली माल्टा, बबीता और मयंका शर्मा उपस्थित रहे।

## धामी कॉलेज में आपदा में बचाव पर किया जागरूक

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**




स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते गणमान्य ।

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में हिमाचल प्रदेश रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी, साइंस सोसायटी और वाणिज्य सोसायटी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा दी जाने वाली गतिविधियों से अवगत करवाना और सड़क दुर्घटना या आपदा के समय पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के विषय में जागरूक करवाना रहा।

खंड चिकित्सा अधिकारी दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल डॉ. गंगा शर्मा , डॉ. किमी सूद महासचिव रेड क्रॉस सोसायटी, वीरेंद्र सिंह विष्ट प्रशिक्षण समन्वयक ने विद्यार्थियों को आपदा राहत, आपदा तैयारी की जानकारी और प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्राथमिक उपचार के अंतर्गत कार्यक्रम रेड क्रॉस सोसायटी के स्नायोजक डॉ. मनोज कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

### कृषि व उद्यान विभाग चौपाल को मिले दो युवा एसएमएस

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** उपमंडल चौपाल में कृषि विभाग और उद्यान विभाग में विषयवाद विशेषज्ञ के काफी समय से खाली चल रहे पदों पर उपमंडल चौपाल के ही निवासी दो युवाओं ने पदभार संभाला है। इन अधिकारीयों के पदभार संभालने से किसानों और बागवानों को आधुनिक कृषि व बागवानी की जानकारी मिल सकेगी । विषयवाद विशेषज्ञ (कृषि) विभाग में लायकराम हेटा तथा विषयवाद विशेषज्ञ (उद्यान) विभाग में सुरेद्र जस्टा ने पदभार संभाला है।

लायकराम हेटा ने कहा कि इससे पहले उन्होंने बतौर कृषि विकास अधिकारी सेवाएं दीं और हाल ही में पदोन्नति मिलने के बाद उन्होंने कृषि विभाग चौपाल में विषयवाद विशेषज्ञ अपनी तैनाती दी है। वह कृषि के उत्थान और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव प्रयासरत रहेंगे।

## नेरवा कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अध्यापक व विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजकीय महाविद्यालय नेरवा में शिक्षक दिवस को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद नेरवा महाविद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न गतिविधियों की रंगारंग प्रस्तुति प्रस्तुत की।

नेरवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने शिक्षक दिवस पर सभी छात्रों को बधाई दी व इस दिवस को मनाने की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन शिक्षकों के अनगिनत प्रयासों और उनके द्वारा प्रदान की गई शिक्षा की मूल्यवानता को मान्यता देने का अवसर होता है। उन्होंने छात्रों के साथ शिक्षा के महत्व पर संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ किसी विद्यालय या महाविद्यालय में प्राप्त ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसके द्वारा हम अपने ज्ञानोपार्जन के साथ-साथ नैतिक जीवन मूल्य, साकारत्मक सोच व सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए जीवन में निरंतर परिष्कृत होते रहते है और समाज मे सकारात्मक बदलाव लाने का उपागम बनते है। नेरवा महाविद्यालय के स्वयंवसेवियों ने भी शिक्षकों के सम्मान में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति प्रदान की।

### प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर 12 सितंबर तक हल्की बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। 6 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश व 7 सितंबर के लिए अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

जिला कुल्लू व लाहौल घाटी में शुक्रवार सुबह से झमाझम बारिश दर्ज की गई। रोहतांग के साथ लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे हैं। इससे तापमान में गिरावट आई है। बारिश से कुल्लू जिला मुख्यालय की सड़कें और रास्ते कुछ ही देर के भीतर पानी से लबालब हो गए। बारिश ने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद की व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। प्रदेश की राजधानी शिमला में भी दोपहर करीब पौने तीन बजे बारिश शुरू हुई।

## थापना के पास कार पर पहाड़ी से गिरे पत्थर एमपी के एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

### एम्स अस्पताल बिलासपुर में चल रहा तीनों घायल व्यक्तियों का उपचार

**शुभम राही, बिलासपुर**



किरतपुर-नेरचौक फोरलेन मार्ग स्थित थापना टनल-2 के समीप मैहला में बरसात के दौरान पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में एक कार आने से बड़ा सड़क हादसा पेश आया है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तो तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्वारघाट पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया है जहां एक रास्ते में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के मुरैना के रहने वाले कल्याण धाकड़, सुनील धाकड़ व महेश धाकड़ व ग्वालियर के सुदीप करेटा गाड़ी नंबर एमएच07सीके 9944 में सवार होकर 3 सितंबर को मनाली घूमने गए हुए थे और वापस लौटते वक्त 5 सितंबर की रात को थापना टनल के समीप मैहला में कार पर पहाड़ी से बड़ा पत्थर गिरने से वे घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही चारों घायलों को एंबुलेंस से एम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही कल्याण धाकड़ की मौत हो गई, जिसे एम्स अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। इसके अलावा तीनों घायल व्यक्तियों का उपचार एम्स अस्पताल में चल रहा है जबकि मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुरैना से संबंध रखने वाले यह पर्यटक मनाली घूमकर वापिस आ रहे थे कि यह हादसा पेश आ गया।

वहीं सभी घायलों का एम्स अस्पताल में उपचार चला हुआ है जबकि मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है और फिलहाल किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मैहला के समीप पहाड़ी से गिरे पत्थर व दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को हटाने तक यातायात को वन वे किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### जनहित के मुद्दों को उठाने में विपक्ष रहा नाकाम : सांख्यान

**बिलासपुर।** प्रेस को जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में विपक्ष/ भाजपा की भूमिका नकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों को उठाने पर असफल रहा। संदीप सांख्यान ने कहा कि इस दौरान पहली बार प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मॉनसून सत्र को इसलिए लम्बा किया था ताकि प्रदेश हित को लेकर भाजपा/विपक्ष कोई सकारात्मक चर्चा करता लेकिन विपक्ष की भूमिका केवल टांग खिंचाई की ही रही। विपक्ष को यह समझ नहीं आया कि मॉनसून सत्र को लम्बा करना प्रदेश के मुख्यमंत्री की दरियादिली थी, ताकि प्रदेश हित मे सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई ठोस चर्चा प्रदेश की योजनाओं पर हो सके लेकिन विपक्ष मुख्यमंत्री की इस दरियादिली को भुनाने में फिसड्डी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष बार-बार वॉकआउट करता रहा और फिर पुनः सदन में जाकर बैठता रहा।

### यातायात नियम तोड़ने पर पुलिस ने काटे चालान

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के आनंदघाट में झंडूता पुलिस ने डीएसपी मनीष चौधरी के नेतृत्व में नाका लगाकर चालान काटे। टिप्पर को रोककर उनके एम फार्म चेक किए गए और एमफार्म न मिलने पर माइनिंग एक्ट के तहत चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से यातायात नियमों को तोड़ने वालों में जहां हड़कंप मच गया, वहीं झंडूता के लोगों में पुलिस के प्रति प्रसन्नता है। उल्लेखनीय है कि लोगों द्वारा यातायात नियमों की जमकर अनदेखी की जा रही है और लोग दुपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट और तीन सवारियां बिठाकर वाहन चलाना अपनी शान समझते हैं, वहीं इस मामले में स्कूली बच्चे भी पीछे नहीं हैं।बच्चे भी यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं, लेकिन अब पुलिस ने कानून के नियमों का पालन न करने वालो के खिलाफ शिकंजा कस लिया है। (अनंत ज्ञान)



### लग दयो में 11 सितंबर से शुरू होगा गुग्गा मेला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिव शक्ति विकास समिति प्राचीन शिव मंदिर लग दयो की महत्वपूर्ण बैठक समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञान चंद धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी तथा गांव लग, गुरनाड़ी, वकैन तथा भड़ोली कला के लोगों ने भाग लिया। इसमें निर्णय लिया गया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय गुग्गा मेले का आयोजन मंदिर के पजयाला रतनलाल ठाकुर व शिव शक्ति विकास समिति द्वारा सभी गांववासियों के सहयोग से किया 11 सितंबर से किया जाएगा, दुकानदारों को प्लाट अलॉटमेंट का कार्य समिति के पदाधिकारियों द्वारा 10 वा 11 तारीख को किया जाएगा।



## अब पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से होगी टीबी की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



अब टीबी के संदिग्ध मरीज को टीबी एक्स-रे जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें घर के पास ही इसकी सुविधा मिलेगी। बिलासपुर जिले को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों के चलते अडानी फाउंडेशन ग्रुप के सहयोग से शुक्रवार को जिला बिलासपुर के लिए पहली पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन प्राप्त हुई। इस मशीन की सहायता से अब स्वास्थ्य विभाग जिला के संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान आसानी से कर सकेगा। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने जिला बिलासपुर को पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान करने के लिए एसीसी सिमेंट अदानी फाउंडेशन ग्रुप का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह मशीन जिला बिलासपुर को टी बी मुक्त बनाने के लिए काफी कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि टी बी एक्स-रे जांच के लिए अब मरीजों को दूर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें घर के पास ही एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन पहुंच गई है। इस मशीन का शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों घर के नजदीक एक्स-रे की सुविधा मिलेगी, वहीं लक्षण सामने आने पर मरीज शीघ्र ही डॉक्टर के पास पहुंचकर अपना इलाज शुरू करवा सकेंगे।

इस मौके पर नॉर्थ जोन अडानी फाउंडेशन ग्रुप के हेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि प्रदेश के कल्याण के लिए वह हिमाचल के साथ जुड़े हुए हैं, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रति वचनबद्ध हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की मदद की जा सके।

**क्विज** रौड़ा सेक्टर में आयोजित प्रतियोगिता में सीयू के उपकुलपति डॉ. बंसल रहे मुख्यातिथि

## डॉ. एनएल नड्डा क्विज कंपटीशन में प्रणिका-अविका प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




चेतना संस्था बिलासपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को डॉ. एनएल नड्डा क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के ऑडोटोरियम में आयोजित प्रतियोगिता में जिला के 23 स्कूलों की 102 टीमों के माध्यम से 204 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. सतप्रकाश बंसल ने मुख्यातिथि, जबकि प्रसिद्ध शिक्षाविद् बृजबाला सांख्यान, हिमाचल विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक तृशला शर्मा व बिलासपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र पंडित ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। चेतना संस्था की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भी विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाते हुए प्रतिभागी बच्चों का मार्गदर्शन करने के साथ उनका हौसला बढ़ाया। चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। चेतना संस्था के माध्यम से इस तरह के कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मुहैया करवाने के साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और ज्ञान में वृद्धि करना है। कड़ी मेहनत और लगन से मनचाहा मुकाम हासिल किया जा सकता है। अब यह बच्चों को तय करना है कि वे भीड़ का गुमनाम हिस्सा बनकर रह जाना चाहते हैं, या फिर अपनी अलग पहचान बनाकर नाम कमाना चाहते हैं।

डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में डॉ. एनएल नड्डा का अहम योगदान रहा है। वह रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उन्हीं के आशीर्वाद व प्रेरणा से इस प्रतियोगिता के आयोजन की शुरूआत की गई है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि बाकी बच्चों को इससे मायूस होने के बजाए भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए। मेहनत से ही उनका भविष्य संवरेगा। अगले साल से पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्य अतिथि डॉ. सतप्रकाश बंसल ने चेतना संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल्द ही धर्मशाला में इसी तर्ज पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चेतना संस्था के प्रवक्ता स्वदेश ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर की प्रणिका व अविका पहले स्थान पर रहीं। शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं के वेदांश व स्वाति ने दूसरा तथा हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं के मृदुल व आरोही ने तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार के रूप में क्रमशः 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की गई।



मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।



शिमला में विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाते भाजपा विधायक।



मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाते विक्रमादित्य सिंह।




मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाती पच्छाद की विधायक रीना कश्यप।

## मानसून सत्र अब 11 दिन का, एक दिन बढ़ाई कार्यवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा मानसून सत्र को फिर एक दिन बढ़ा दिया है। पहले सत्र में 10 बैठकें निर्धारित थीं। अब सोमवार के साथ मंगलवार को भी सदन की कार्यवाही होगी। इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने यह व्यवस्था दी। वहीं विपक्ष ने इसका स्वागत किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर वित्तीय कुप्रबंधन पर चर्चा करने में समय लगेगा। इसलिए कार्यवाही मंगलवार के लिए बढ़ाई गई है।

**लाडा फंड का उपयोग वाहन, कार्यालय फर्नीचर खरीदने के लिए किया :** प्रदेश सरकार ने विधानसभा में खुलासा किया कि स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाडा फंड, जो परंपरागत रूप से स्थानीय विकास परियोजनाओं के लिए होता है, का उपयोग विभिन्न जिला कार्यालयों जैसे कि उपायुक्तों के वेतन और कार्यालय लागत सहित प्रशासनिक खर्चों के लिए किया जा रहा है। यह जानकारी कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रदान की गई, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लाडा फंड के वर्तमान उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि लाडा फंड से लगभग 11.39 करोड़ रुपए कुल्लू, कांगड़ा, चंबा और किन्नौर जिलों में वेतन और परिचालन व्यय के लिए आवंटित किए गए थे।



**प्रदेश में कैंसर के 32,909 और अस्थमा के 3,138 मरीज :** इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित सवाल पूछा गया, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने बताया कि प्रदेश में कैंसर के 32 हजार 909 और अस्थमा के 3 हजार 138 मरीज हैं। मौजूदा वक्त में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान हिमाचल प्रदेश विभाग के तहत जिला शिमला, कांगड़ा, सिरमौर, मंडी और हमीरपुर गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल चलाए जा रहे हैं। इन महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में यह मरीज अपना इलाज करवा रहे हैं।

### जलविद्युत परियोजनाओं के व्यापक संदर्भ पर भी चर्चा

सीएम सुक्खू ने राज्य में जलविद्युत परियोजनाओं के व्यापक संदर्भ पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि कुछ चिंताओं के बावजूद, 339 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 10 जलविद्युत परियोजनाएं पिछले तीन वर्षों में निजी क्षेत्र में चालू की गई हैं, जिससे प्री-कमीशन स्थानीय क्षेत्र विकास निधि एलएडीएफ से 138.50 करोड़ और 137.04 करोड़ का उत्पादन हुआ है। सुक्खू ने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया कि इन परियोजनाओं से राज्य को लाभ हो।

### भावानगर से पिन वैली होकर काजा तक बनेगी वैकल्पिक सड़क

लाहौल-स्पीति से विधायक अनुराधा राणा ने सवाल उठाया कि स्पीति वैली वाया लियो सड़क का काम बीते छह साल से पूरा नहीं हुआ है। सिर्फ चुनाव के दौरान इस सड़क की बात होती है। इस पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भावानगर से पिन वैली होते हुए काजा तक वैकल्पिक सड़क बनाने का फैसला लिया गया है। इससे काजा तक का सफर 100 किलोमीटर कम होगा। चीन बार्डर तक सड़क पहुंचाने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना आवश्यक है। विक्रमादित्य ने कहा कि विभाग ने बीआरओ को इस सड़क को बनाने की मंजूरी दे दी है।

## विधानसभा के बाहर सुक्खू सरकार के खिलाफ जल रक्षकों ने नारेबाजी

### विधानसभा की तरफ बढ़ रहे जलरक्षकों को पुलिस ने रोका, पुलिस के साथ हुई झड़प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जलरक्षकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के 9वें दिन विधानसभा के बाहर प्रदेशभर से जल रक्षक अपनी मांगों को लेकर जुटे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

चौड़ा मैदान से विधानसभा की और कूच कर रहे जल रक्षकों को पुलिस ने बेरीगेट्स लगाकर रोका जहां जलरक्षकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। जल रक्षक महासंघ के अध्यक्ष रूपलाल ने बताया कि सरकार उनकी मांगों को सुनने के लिए तैयार नहीं है। लाखों रुपए सैलरी लेने वालों को तो समय से सैलरी मिल रही हैं, लेकिन चार पांच हजार लेने वालो की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि कम सैलरी में घर चलाना मुश्किल हो रहा हैं। 12 साल की नौकरी पूरा कर चुके लोगों को रेगुलर किया जाए। कॉन्ट्रेक्ट का समय 12 साल से घटाकर 8 वर्ष कर स्थायी नीति बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि लाखों रुपए सैलरी लेने वालो की तनख्वाह पांच दिन देरी से मिली तो विपक्ष ने भी मामला सदन में पूरजोर से उठाया, लेकिन हमारी आवाज विपक्ष भी नहीं उठा रहा। उन्होंने कहा कि सीएम ने न्यूनतम वेतनमान देने की बात कही थी लेकिन मिलेगा कब पता नहीं। सरकार को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार कोई सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर न करें। सरकार उनकी बात आज नहीं सुनती हैं तो यहीं भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।



हिमाचल प्रदेश में युवाओं की शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगाकर रचनात्मक व सृजनात्मक ढंग से सदस्यों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवा: एनजीओ के सदस्यों ने विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान संस्था के 30 से 40 सदस्यों ने मानसून सत्र की कार्यवाही को देखा।

## कोई मनचाहा बोलेगा, तो उसे मनचाहा सुनना भी पड़ेगा : जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधानसभा सदन में पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर आरोप जड़े। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि यदि कोई मनचाहा बोलेगा, तो उसे मनचाहा सुनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब कोई सदन में बोलता है, तो वह बीच में व्यवधान नहीं डालते। ऐसे में विपक्ष से भी इस तरह की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है। वह जनजातीय क्षेत्र से भले ही आते हैं, लेकिन उनको नियमों की पूरी जानकारी है।

वहीं संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सदन में जो कुछ हुआ, उसके बाद रिकार्ड को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। ऐसे में गलत शब्दों को कार्यवाही से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को शांति के साथ अपना पक्ष रखने के बाद उसका जवाब भी सुनना चाहिए।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रश्नकाल के बाद मामले को उठाते हुए कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की तरफ से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व सांसद कंगना रनौत को लेकर की गई टिप्पणी सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार चाहती है कि केंद्र से उदार वित्तीय मदद मिले, तो इसके लिए संवाद का रास्ता निकालना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कहते हैं कि पार्टियों की सरकारें होती है, लेकिन सरकारों की कोई पार्टी नहीं होती।

### सरकार को वित्तीय स्थिति से अवगत करवाया



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ ने विधानसभा के मानसून सत्र दौरान सरकार को अपनी वित्तीय स्थिति से अवगत करवाया। संघ ने कहा कि कोरोना काल से पर्यटन निगम आज तक अपनी नाजुक वितिय स्थिति से बुरे दौर से जूझ रहा हैं, जिसका मुख्य कारण कोरोना काल बितने के बाद पिछले वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में सड़कों का अवरुद्ध होना रहा, इससे प्रदेश में पर्यटकों की आवाजाही केवल नाममात्र हो गई थी।

वहीं दूसरी ओर कोरोना काल के 2 से 3 वर्षों के मध्य निगम से भारी संख्या में लगभग 150 से 200 अधिकारी व कर्मचारी निगम से सेवानिवृत हुए हैं, जिनको सेवानिवृति के पश्चात ग्रेजुएटी अदा करने से निगम अपनी आय से बहुत कम मात्रा में आय अर्जित कर रहा हैं। अतः पर्यटन कर्मचारी संघ काफी समय से निगम प्रबंधन और पर्यटन निगम अध्यक्ष महोदय से बार बार यही आग्रह करता आ रहा हैं कि निगम से सेवानिवृत करमचारियों और सेवारत कर्मचारियों को उनके लंबे समय से वेतन व भतों को समय रहते अदा करने के लिए प्रदेश सरकार से पूर्व की भांति निगम की इस नाजुक स्थिति में हमारी एकमुश्त मदद करें।






**मुद्दा** जयराम ठाकुर ने कहा-सरकार की नजर कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर

## कृषि विश्वविद्यालय के बजाय दूसरी जगह बने टूरिस्ट विलेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि टूरिस्ट विलेज कहीं और बना जाए। पालमपुर कृषि विश्व विद्यालय में सरकार द्वारा टूरिस्ट विलेज खोलने की बात करना हास्यास्पद है। अब सरकार की नजर कृषि विश्वविद्यालय की ज़मीन पर है। कृषि विश्वविद्यालयों को कृषि से जुड़े शिक्षण-प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्य करने दे तो मेहरबानी होगी। विश्वविद्यालय की जमीन विश्व विद्यालय के नाम की जाए। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं हैं हमारी सरकार में भी प्रस्ताव आए थे कि वहां कोई व्यावसायिक गतिविधि हो, लेकिन हमने दो टूक और साफ़-साफ़ कह दिया था कि ऐसा नहीं हो सकता है।



कृषि अनुसंधान में बहुत ज्यादा जमीन को अवश्यकता होती है। इसलिए कृषि विश्वविद्यालय की ज़मीन का इस्तेमाल सिर्फ़ कृषि अनुसंधान के कार्यों के लिए होगा। राजस्व बढ़ाने के लिए इस तरह के हथकंडे नहीं अपनाए जा सकते। इसलिए सरकार कृषि विश्वविद्यालय की जमीन के व्यावसायिक इस्तेमाल के निर्णय से पीछे हटे। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार टूरिज्म विलेज बनाना चाहती है तो बनाए, हम उसका स्वागत करते है लेकिन कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए संस्थानों में इस तरह का प्रयोग हम नहीं करने दे सकते हैं। भारत की खाद्यान्न के क्षेत्र में देश को आत्म निर्भर बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों के योगदान को ध्यान में रखें।

### भाजपा विधायक दल ने नियम 130 में चर्चा के लिए मांगा अधिक समय

**भाजपा** विधायक दल ने नियम 130 में चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष अधिक समय मांगा। भाजपा विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर नियम 67 के तहत नोटिस दिया था, जिसे अस्वीकार किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि नियम 130 के अंतर्गत चर्चा लाई जाएगी। आज विधानसभा सदन में यह चर्चा लगाई है, लेकिन सबसे अंत में लगाई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### जंडपुर में अंडर-19 खेल प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंडपुर में जोनल स्तरीय अंदर-19 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे वैदिक काल से चली आ रही परंपराओं का अनुसरण करते हुए शिक्षकों का सम्मान करें और उनके द्वारा दी गई शिक्षा का उपयोग कर लक्ष्य प्राप्ति की ओर आगे बढ़े। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती नशे के खिलाफ एक जनअभियान में शामिल होने की है, जिसमें युवा विद्यार्थी अपनी युवा सोच का उपयोग करके नशे के सौदागरों का ताना-बाना तहस-नहस कर सकते हैं और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की क्षमताओं का आकलन करके उनका सही मार्गदर्शन करें। प्राचार्य धर्मेंद्र कंवर ने बताया कि टूर्नामेंट में बैजनाथ जोन के 32 स्कूलों के 450 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

### डाक जीवन बीमा योजनाओं की समीक्षा की

**शुभम शर्मा, देहरा।** डाक विभाग देहरा डाक मंडल कार्यलय में अधीक्षक बलबीर चंद और राज कुमार निरीक्षक डाक, देहरा उप मंडल की अध्यक्षता में एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में अंकुश कुमार डाक जीवन बीमा डेवलपमेंट ऑफिसर व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में इन योजनाओं के सफल कार्यान्वयन और उनके व्यापक लाभ पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने योजना के विभिन्न पहलुओं और उसके लाभकारी प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। इन योजनाओं के अंतर्गत डायरेक्ट एजेंटों (अभिकर्ताओं) की भूमिका और उनकी भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया। इस चर्चा के परिणामस्वरूप डायरेक्ट एजेंट (अभिकर्ता) नियोजन के लिए एक नई अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना के तहत डायरेक्ट एजेंटों को योजनाओं की जानकारी प्रसारित करने, ग्राहकों से सीधा संपर्क स्थापित करने और उनकी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिक अधिकार और संसाधन प्रदान किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



### टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न



**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत एक सप्ताह से चल रही टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार के दिन विधिवत रूप से समापन कर दिया गया। कार्यशाला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में परिसर के छात्रों सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने टांकरी लिपि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो.काशीनाथ न्यौपाने ने शिरकत की।उन्होंने लिपियों की रक्षा करने का आग्रह किया। सत्र के अध्यक्ष शिक्षा शास्त्री(बी एड)विभाग के संयोजक प्रो.शीशराम ने टांकरी लिपि को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के सहसंयोजक डॉ चक्रपाणि पोखरेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।वहीं बी एड विभाग के सहायकाचार्य डॉ हरिओम ने सभी मुख्यातिथि सहित समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।समापन कार्यक्रम के दौरान डॉ रघु वी राज ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### वेटलिफ्टर कृतिका राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा उपमंडल के अंतर्गत गांव नैहरन पुखर की कृतिका राणा राष्ट्रीय स्तर पर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। स्टेट वेट लिफ्टिंग फेडरेशन की तरफ से नगरोटा बगवां में चल रहे वेट लिफ्टिंग के ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंची कृतिका इसे क्वालीफाई करने में कामयाब रही है। कृतिका के पिता सूबेदार अनिल राणा इन दिनों लेह में तैनात हैं। उनकी माता ललिता गृहणी हैं। कृतिका के दादा सर्वजीत सिंह ने बताया कि उनकी पोती ने इसी साल राजकीय महाविद्यालय ढलियारा से बीबीए पास की है। वह पहले भी कई प्रतियोगिताओं में कॉलेज के लिए मेडल ला चुकी हैं।



# धर्मशाला में 21 से होगा कांगड़ा वैली कार्निवाल का आगाज : डीसी

## सांस्कृतिक संध्याएं भी होंगी आयोजित, हस्तकला शिल्प का बाजार भी सजेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धर्मशाला में 21 सितंबर से कांगड़ा वैली कार्निवाल का भव्य आगाज होगा। धर्मशाला के पुलिस मैदान में होने वाला यह आयोजन 21 सितंबर से छह अक्तूबर तक चलेगा। कार्निवाल में 28 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी।

जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं। इसमें एडीसी सौरभ जस्सल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कार्य परियोजनाओं को मंजूरी भी प्रदान की है तथा इसी दिशा में कांगड़ा वैली कार्निवाल का आयोजन भी सरकार के दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवाल में हिमाचली लोक और कलाकारों को महत्व दिया जाएगा और सभी स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर इसकी लाईव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी, ताकि जो लोग इस कार्यक्रम देखने नहीं आ पाएंगे वे घर बैठे इसका आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि इस कांगड़ा घाटी कार्निवाल के आयोजन के लिए सबका सहयोग मिले और यह इवेंट स्मरणीय रहे।

उन्होंने बताया कि कार्निवाल में मिलेट्स फेस्टिवल और क्राफ्ट बाजार का भी आयोजन किया जाएगा। हस्तकला और शिल्प से संबंधित स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान उपलब्ध करवाने के साथ महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# न दुआ काम आई, न दवा, गुब्बारे ने बुझा दिया गरीब घर का चिराग

**अनिल छांगू, जवाली**



न दुआओं का असर हुआ और न ही दवाओं से काम चला। जिंदगी की जंग लड़ रहा 13 वर्षीय विवेक कुमार अपनी जिंदगी की जंग को हार गया। सिद्धपुरघाड़ के 13 वर्षीय विवेक कुमार की मौत से हर किसी की आंख नम है। उसकी मौत ने हर किसी को झकझोरकर रख दिया है। अमनदीप अस्पताल पठानकोट में डॉक्टरों की टीम ने 13 वर्षीय विवेक कुमार के गले से गुब्बारे को निकाल दिया, लेकिन उसके बाद भी स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

डॉक्टरों की टीम ने बच्चे को बचाने की हर संभव कोशिश की, परंतु गुरुवार देर रात करीब 11 बजे गरीब के घर का चिराग बुझ गया। बच्चे की मौत से गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गुब्बारा ही बच्चे की मौत का कारण बन गया। बच्चे की मौत से जहां परिजन स्तब्ध हैं, तो वहीं स्कूल व गांव में भी शोक की लहर है। स्कूल के बच्चों व स्टाफ की आंखें भी नम हैं। जिस बच्चे को परिजनों ने सुबह तैयार करके स्कूल भेजा था, वह बच्चा मौत के आगोश में सोया हुआ घर पहुंचा। किसी भी परिवार के लिए यह सहन करना काफी मुश्किल होता है।

मृतक विवेक कुमार के पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं तथा माता गृहिणी हैं। मृतक की बड़ी बहन जमा दो में पढ़ती है। (अनंत ज्ञान)

# सुरक्षा गार्ड व सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए साक्षात्कार 9 से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी कांगड़ा आकाश राणा ने बताया कि इवान सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, शिमला द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनी मैन्युफैक्चरिंग व सेल्स एग्जीक्यूटिव के 270 पद अधिसूचित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा गार्ड के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं, सुरक्षा सुपरवाइजर व ट्रेनी मैन्युफैक्चरिंग के लिए बारहवीं पास तथा सेल्स एग्जीक्यूटिव के लिए स्नातक पास रखी गई है।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु सीमा 20 से 36 वर्ष के बीच रखी गई है। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ 9 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय नूरपुर, 10 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय इंदौरा, 11 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय बैजनाथ, 12 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय देहरा और 13 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय ज्वालाजी में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कापी व अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) साथ लेकर आएं।

रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व ईईएमआईएस डॉट एचपी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए उक्त वेबसाइट पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड में दिख रही इवान सिक्योरिटी फंक्शंस प्राइवेट लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9418217918, 8221862918 पर संपर्क किया जा सकता है।

### विश्वकर्मा योजना पर जिला कार्यान्वयन समिति ने की बैठक

**धर्मशाला।** उपायुक्त कार्यालय में आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा को लेकर जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का ब्योरा विभाग के अधिकारियों से लेते हुए उनको उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय कारीगर और क्षेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। एडीसी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन की दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की समीक्षा करना था। एडीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके व्यवसायों के विकास और वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करेगी।

# नानाहार स्कूल में बच्ची को थप्पड़ मारने पर अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जवाली**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नानाहार में कार्यरत टीजीटी द्वारा छात्रा को थप्पड़ मारने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार छठी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को स्कूल में कार्यरत टीजीटी (नॉन-मेडिकल) द्वारा क्लास में थप्पड़ मारने व गालियां निकाली गईं, जिसके बारे में छात्रा ने घर पहुंच कर परिजनों को बताया। परिजनों ने इस संदर्भ में निदेशक शिक्षा विभाग, उपनिदेशक शिक्षा विभाग को ऑनलाइन शिकायत की तथा बाद में इसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन में की गई। शिकायत मिलने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने पुलिस थाना जवाली को आगामी कार्रवाई हेतु शिकायत भेजी जिस पर पुलिस ने बच्ची व परिजनों के बयान कलमबद्ध किए हैं। बयान में बच्ची ने बताया कि उक्त टीजीटी अकसर ही अभद्र भाषा का प्रयोग करता है तथा गाली-गलौज करता है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल करवाया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

#### क्या कहते हैं एसपी नूरपुर अशोक रतन

**एसपी** नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि नानाहार स्कूल के टीजीटी द्वारा छठी कक्षा की छात्रा को थप्पड़ मारने की शिकायत आई है, जिस पर पुलिस ने टीजीटी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### क्या कहती है एसएमसी अध्यक्ष

**स्कूल** प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रीता देवी सहित कमेटी ने इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि उक्त टीजीटी द्वारा पहले डेढ़ साल तक बच्चों को पढ़ाया नहीं गया, जिसकी हमने पहले भी शिकायत की थी, लेकिन शिक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि इन पर शिक्षा विभाग को भी संज्ञान लेना चाहिए।

# किसानों की सबसे बड़ी समस्या बन गए बेसहारा और जंगली जानवर : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल किसान सभा की राज्य कमेटी द्वारा जंगली जानवरों व आवारा पशुओं से उत्पन्न समस्या तथा भूमि से जुड़े मुद्दों तथा भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर आज धर्मशाला के खनियारा में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया। अधिवेशन में प्रदेश भर से 200 किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तनवर, राज्य उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज, राज्य सचिव होतम सोंखला, कांगड़ा जिला के अध्यक्ष सतपाल, सिरमौर के अध्यक्ष राजेंद्र ठकुर, कांगड़ा के सचिव शोकीनी राम, सोलन जिला सचिव प्यारे लाल तथा सीटू नेता रविंदर ने भी संबोधित किया।

सभी जिलों के 30 सदस्यों ने अपने जिला की तरफ से चर्चा में हिस्सा लिया तथा उपरोक्त समस्याओं बारे अपने अनुभव सांझा किए तथा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि जंगली जानवरों व आवारा नकारा पशुओं की समस्या से किसानों को निजात दिलाई जाए। राज्य अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह तनवर ने कहा कि जंगली जानवरों व आवारा पशुओं की समस्या प्रदेश भर के किसानों की सबसे बड़ी समस्या बन गई है और कोई भी सरकार इस समय के समाधान के लिए गंभीर नहीं है। जंगली जानवरों के कारण प्रदेश में हर साल लगभग 2300 करोड़ रुपए का नुकसान होता है। प्रदेश के 10 लाख से अधिक किसानों को करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि बंदरों के निर्यात पर लगी रोक हटनी चाहिए, बंदरों व दूसरे उत्पाती जंगली जानवरों को वर्मिन घोषित कर उनको मारने के लिए वन विभाग के माध्यम से सिद्धस्त शिकारी हायर किए जाएं।

### निबंध लेखन में रितिका अव्वल

**धर्मशाला।** भाषा-संस्कृति विभाग जिला कांगड़ा द्वारा जिला स्तरीय राजभाषा हिंद पखवाड़े का आयोजन जीएवी स्कूल कांगड़ा में किया गया। हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन व उत्थान, विकास के उद्देश्य से जिला भाषा एव संस्कृति विभाग कांगड़ा द्वारा स्कूली बच्चों की हिंदी भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्यतिथि तहसीलदार कांगड़ा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में जीएवी स्कूल की प्रधानाचार्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीएवी स्कूल कांगड़ा की रितिका ने प्रथम, रावमावि वीरता की कंगना ने द्वितीय तथा रावमावि न्यू कांगड़ा की रिद्धिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# भगवाल में ड्रोन दिखने पर भारत पाक सीमा पर सर्च अभियान शुरू

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



पठानकोट के बॉर्डर से सटे गांव भगवाल में वीरवार रात 10 बजे लोगों ने ड्रोन की मूवमेंट देखी, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। इसके चलते शुक्रवार सुबह से ही भारत-पाक सीमा पर बड़े स्तर पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि कुछ दिन पहले बार्डर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने की सूचना मिल रही थी कि अब ड्रोन आने की बात कही जा रही है।

पुलिस और सेना सुबह से ही सर्च पर सर्च चला रही है। लेकिन मिला अभी तक कुछ भी नहीं। ग्रामीणों की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा नजदीक ड्रोन एक्टिविटी की सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां को सूचना दी गई। गांव निवासी मक्खन सिंह और जनक राज ने रात 10 बजे के करीब भारत-पाक सीमा से कुछ ही दूरी पर आसमान में लाइट चमकती दिखाई दी और उसकी आवाज भी ड्रोन जैसी ही सुनाई दे रही थी। मक्खन सिंह मुताबिक उक्त ड्रोन जैसी दिखने वाली वस्तु को अन्य बाकी लोगों ने भी देखा। हालांकि अभी तक किसी प्रकार की कोई भी संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई है। थाना नरोट जैमल सिंह के प्रभारी अंग्रेज सिंह ने बताया कि गांव भगवाल जो ड्रोन की सूचना मिली थी उसके बाद सर्च भी चलाया गया है। वहीं, एजेंसियों से पता चला है कि लोग जिसे ड्रोन समझ रहे थे वे एयरक्राफ्ट की गतिविधि थी क्योंकि सेना की तरफ से एयरक्राफ्ट अभ्यास भी करवाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ से टकराई निगम की बस

**डाडासीबा।** डाडासीबा के अंतर्गत गांव बनूड़ी में हिमाचल पथ परिवहन निगम देहरा की बस का एक पेड़ से टकरा गई। इसमें बैठीं 15 सवारियां बाल-बाल बचीं। बस तलवाड़ा से वाया डाडासीबा, देहरा जा रही थी। इस वजह से सड़क मार्ग कुछ समय के लिए बड़े वाहनों के लिए बंद रहा। उधर, एचआरटीसी देहरा के क्षेत्रीय प्रबंधक कुशल कुमार ने बताया बस में तकनीकी खराबी आने के कारण यह हादसा हुआ है और बस में बैठी सभी सवारियां और चालक-परिचालक सुरक्षित हैं।

# राज्य में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : केवल पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने शाहपुर में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने आज शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर में अंडर-19 (छात्रों) की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

6 से 9 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन तथा वॉलीबाल की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें क्षेत्र के 23 स्कूलों के 276 छात्र भाग लेंगे। बतौर मुख्यातिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए केवल पठानिया ने कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठा रही है। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूलों में खेल मैदान निर्मित करने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

### डाडासीबा कॉलेज पहुंची निरीक्षण टीम

**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग के निरीक्षण दल ने महाविद्यालय की पुस्तकालय का डॉ नीरज कुमार शर्मा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बड़ोह के दिशा निर्देशन में निरीक्षण किया। इस दल में डॉ. विनोद कुमार शर्मा, प्राचार्य महाविद्यालय मटौर तथा राजिंद्र सिंह अटवाल पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय पालमपुर भी शामिल रहे। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं को जांचना तथा पुस्तकालय की ग्रेडिंग हेतु जांच रिपोर्ट तैयार करना था। इस अवसर पर प्रो रामपाल दविंदर सिंह, खेंम चंद, शीतल और पलक और महाविद्यालय की सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अंजना भी उपस्थित रहे।

**वेलकम** अरुणाचल के मुख्यमंत्री का उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया भव्य स्वागत

# हिमाचल की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश पेमा खांडू का मैक्लोडगंज पहुंचने पर राज्य सरकार की तरफ से उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने स्वागत किया। प्रवास पर उनके साथ सांसद अरूणाचल प्रदेश तपिर गायो, शिक्षा मंत्री पीडी सोना, विधायक झिकनु विस क्षेत्र नामचुन भी मौजूद रहे। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अरुणाचल के मुख्यमंत्री को हिमाचल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल सरकार ने निराश्रित बच्चों की उचित देखभाल, शिक्षा तथा बेहतर कैरियर निर्माण के लिए सुखाश्रय योजना आरंभ की गई है तथा अनाथ, निराश्रित बच्चों की देखभाल के लिए कानून के तहत योजना आरंभ करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि निराश्रित बच्चों को लघु तथा सुक्ष्म उद्योग स्थापना के लिए दो लाख तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए पंद्रह सौ रूपये की सम्मान निधि योजना आरंभ की गई है, हिमाचल में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों के समान अधिकार दिलवाया गया है। मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम का ऐतिहासिक निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। इसके साथ ही युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार की ओर से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजना आरंभ की गई है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल के 31 मार्च, 2026 तक हरित उर्जा राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है तथा इसी दिशा में राज्य में ग्रीन कॉरिडोर घोषित किए गए हैं और सौर उर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

I, **Santosh Kumari** D/o Shri Babu Ram R/o Tika Bani, Tehsil Dharamshala (Yol Bazar) Distt. Kangra (H.P.) 176052 declare that I have changed my name from Santosh Kumari to Rajni Gill. All concerned note it.



**जितना** हम दूसरों के साथ अच्छा करते हैं उतना ही हमारा हृदय पवित्र हो जाता है और भगवान उसमें बसता है। **-स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# अवैध शराब पर अंकुश

शराब के धंधे को बदनाम माना जाता है। हाल के वर्षों में प्रदेश में नकली शराब माफिया ने अपने पैर कई जिलों में पसार लिए हैं, जिससे कई लोग मारे गए तथा कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो गए, लेकिन अब घबराने वाली बात नहीं है। हिमाचल में अवैध शराब के कारोबार पर कानून कड़ा हो गया है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश आबकारी संशोधन विधेयक विधानसभा में पारित हो गया है। सुक्खू सरकार ने यह सब कसरत अवैध शराब बनाने और इसके अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए की है। सरकार ने अवैध शराब से संबंधित बढ़ती चुनौतियों के समाधान की आवश्यकता पर बल दिया है। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला काबिलेतारीफ है, क्योंकि मौजूदा हालात में प्रदेश में अवैध शराब के धंधे में जुटे लोग सरकार के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए थे।

अवैध शराब आसानी से उपलब्ध और सस्ती होने के कारण हिमाचल में वैध शराब की खपत कम और अवैध की ज्यादा हो गई है। संशोधन विधेयक की एक धारा में सरकार को अवैध शराब के कारोबार के माध्यम से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का अधिकार है। शराब निर्माण या उत्पादन के प्रयोजन के लिए कोई भी सामग्री जैसे-भट्ठी, उपकरण आदि को जब्त कर सकती है। अपराध के लिए कैद की अवधि तीन से पांच वर्ष और जुर्माना 50 हजार से पांच लाख रुपए तक होगा। गुणवत्ताहीन और जहरीली शराब पकड़े जाने पर एक्साइज एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। अन्य राज्यों में पुलिस एक्ट के तहत यह कार्रवाई होती है, लेकिन हिमाचल सरकार ने अब मामले को संज्ञेय अपराध भी बना दिया है।

सरकार के इस फैसले से जहां अवैध शराब कारोबार पर रोक लगेगी तो वहीं, शराब से संबंधित अपराधों में भी कमी आएगी। जब्त की गई संपत्ति से सरकार को राजस्व प्राप्त होगा और उसकी आर्थिकी स्थिति में सुधार आएगा। अवैध शराब कारोबार के कारण समाज में होने वाली हिंसा और अपराधों में भी कमी आएगी। लोग कानून का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे और अवैध गतिविधियों में शामिल होने से बचेंगे। पुलिस और प्रशासन को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने में मदद मिलेगी और उनकी मजबूती बढ़ेगी। लोगों में शराब के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और वे शराब से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे। अवैध शराब के बढ़ते कारोबार को रोकने के लिए सबसे पहले सख्त कानून बनाए जाने चाहिए और उनका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

हालांकि हिमाचल ही नहीं, बल्कि अन्य राज्य भी अवैध शराब के कारोबारियों के बढ़ते प्रभाव से काफी परेशान हैं, लेकिन हैरत इस बात की है कि कोई भी राजनीतिक दल चुनाव में अवैध शराब के कारोबार को मुद्दा नहीं बनाता। यही वजह है कि अवैध शराब के काले धंधे से जुड़े लोगों के हौसले और बुलंद होते जाते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो अवैध शराब का धंधा राजनीतिक संरक्षण में भी फलता-फूलता है। पुलिस से सांठगांठ होने के कोई सबूत नहीं मिलते, लिहाजा कोई कानूनी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती और जो अपराधी पकड़े जाते हैं वो पैसों से पुलिस का मुंह बंद कर देते हैं।


दरअसल, व्यवस्था ही कुछ ऐसी बन गई है कि पैसा सबके लिए बड़ी चीज हो गया है। पैसे के लिए लोग अपना इमान तक बेच देते हैं और अवैध कारोबार का यह सिलसिला यूं ही चलता रहता है। इसी वजह से भ्रष्टाचार को भी संरक्षण मिलता है। लोगों में शराब के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि वे शराब से दूर रहने के लिए प्रेरित हो सकें। शराब की दुकानों और परिवहन पर निगरानी रखी जाए और अवैध शराब कारोबार को रोका जाए। पुलिस और प्रशासन को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए और उन्हें आवश्यक संसाधन प्रदान किए जाएं। समाज को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया जाए और उन्हें इसके नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए। अवैध शराब के कारोबार के दुष्प्रभाव बहुत ज्यादा हैं।

अवैध शराब में मिलावट होने के कारण यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है और कई बीमारियों का कारण बन सकती है। अपराध और हिंसा में वृद्धि हो सकती है। आर्थिक नुकसान हो सकता है। समाज में व्यभिचार और अनैतिकता भी शराब की वजह से ही बढ़ती है। शराब युवाओं को बर्बादी के रास्ते पर ले जाती है। इन सब दुष्प्रभावों से बचने के लिए अवैध शराब का कारोबार बंद करना ही समझदारी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक

**गोपीनाथ** कविराज संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक थे। इनके पिताजी का नाम वैकुंठनाथ बागची था। योग और तंत्र के प्रकांड विद्वान् डॉ. गोपीनाथ कविराज का जन्म ढाका (अब बांग्लादेश में) जिले के एक गांव में हुआ था। बचपन में ही माता-पिता का देहांत हो जाने के कारण उनका पालन-पोषण मामा ने किया। उनकी शिक्षा ढाका, कोलकाता, जयपुर और वाराणसी में हुई। सर्वत्र उन्हें छात्रवृत्ति मिलती रही। वाराणसी के क्वींस कॉलेज में संस्कृत में एमए का अध्ययन करते समय उनका आचार्य नरेंद्र देव से परिचय हुआ था। संस्कृत और अंग्रेजी के प्रति उनकी रुचि आरंभ से ही थी। जयपुर के प्रवास काल में उन्होंने वहां के समृद्ध पुस्तकालयों का भरपूर लाभ उठाया। एमए में प्रथम आने पर कविराज को लाहौर और अजमेर में अध्यापक का कार्य मिल रहा था, किंतु उनकी योग्यता से प्रभावित क्वींस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वेनिस ने उन्हें वाराणसी में रोक कर कॉलेज के 'सरस्वती भवन' पुस्तकालय का अध्यक्ष नियुक्त कर लिया। इस पुस्तकालय को वर्तमान समृद्ध रूप प्रदान करने का मुख्य श्रेय कविराज जी को है। 1924 में वे क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य बनाए गए और 1937 तक इस पद पर रहे। 1934 में सरकार ने उन्हें 'महामहोपाध्याय' की उपाधि प्रदान की। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म विभूषण' की उपाधि से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त वे निम्नलिखित सम्मान से भी सम्मानित हो चुके हैं। ■



**गोपीनाथ कविराज**
**जन्म :** 7 सितंबर, 1887
**मृत्यु :** 12 जून, 1976

## अपनी बात

**कृषकों** को आज के समय में फसलों को उगाना में किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है, सरकारी तंत्र को इसके बारे में सोचना होगा। आवारा पशुओं की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा पशु सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा पशुओं के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह आवारा पशु घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते है, जिन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं। सरकार को चाहिए कि वह इन आवारा पशुओं का उचित प्रबंध करें। **वरुण, चंबा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# अपराधी नहीं, पीड़ित के पक्ष में खड़ी हो न्यायपालिका

यह बात समझ से परे है कि जो लोग जघन्य अपराध करते हैं? छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म करते हैं, उनके ऊपर कार्रवाई करते समय सरकार पूरी तरह से कानून का पालन करे। तर्क दिया जाता है कि अपराध कोई एक व्यक्ति करता है तो उसके पूरे परिवार को इसका खामियाजा क्यों भुगतना पड़े। ऐसे तर्क देने वालों को समझना चाहिए कि जब किसी एक बच्ची के साथ दुष्कर्म या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई आपराधिक वारदात होती है, तो उसका खामियाजा जब पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है तो फिर अपराधी को इस आधार पर कैसे छूट दी जा सकती है कि उसके किए अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं मिलनी चाहिए। बात सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की हो रही है, जिसमें उसने राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठाया था। सुप्रीम कोर्ट का अपना पक्ष हो सकता है, लेकिन सभी आपराधिक मामलों के समय यह कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। अपराध करने वाला अगर ताकतवर हो, तो वह कानून को अपने हिसाब से 'खरीद' लेता है।

अपना सही-गलत बचाव करने के लिए वकीलों की पूरी फौज कोर्ट में उतार देता है। क्या यह सही नहीं है कि आज भी जेलों में छोटे मोटे अपराध करने वालों को इसलिए जमानत नहीं मिल पा रही है, क्योंकि वह आर्थिक रूप से सबल नहीं हैं। उनका दर्द कोर्ट की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाता है। यह सच नहीं है कि सरकार हर एक अपराधिक मामले में बुलडोजर लेकर खड़ी हो जाती है, लेकिन माहौल ऐसा बना दिया जाता है जैसे सरकार बहुत बड़ी कसूरवार हो। खासकर योगी सरकार पर तो यह भी आरोप लगते हैं कि वह मुस्लिमों के खिलाफ ज्यादा बुलडोजर कार्रवाई करते हैं। ऐसी बातें करने वाली कानून की आड़ में अपने अपराध पर पर्दा डालने का काम करते हैं। बता दें कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने पर 02 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था। कोर्ट का सवाल था कि कानून में तय प्रक्रिया का पालन किए बगैर किसी का घर कैसे ढहाया जा सकता है।



**लेखक : संजय सक्सेना**
वरिष्ठ लेखक

सिर्फ किसी के अभियुक्त होने पर उसका घर कैसे ढहाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का यह कथन समानांतर सरकार चलाने जैसा नजर आता है। खैर,सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए, सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं। यह कहते समय सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर भी गौर फरमा लेता तो ज्यादा अच्छा होता, जिमसें पीएम ने सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में उससे महिलाओं से जुड़े मामले जल्द से जल्द निपटाने की उम्मीद जताई थी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी मौजूद थे।

हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देंगे, लेकिन जिस तरह के आदेश कोर्ट जारी करता है उससे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिलता ही है। पूरा देश अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने कभी इतने सख्त कदम नहीं उठाए, जितने अतिक्रमण करने वालों के पक्ष में उठाए जाते हैं। कोई रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करके बस्तियां बसा लेता है, तो कोई नजूल की जमीन हाथिया कर बेच देता है। कोर्ट के आदेश से लगता है कि वह एक बेगुनाह को सजा न हो, इसके लिए 99 गुनहगारों के प्रति नरम रवैया अख्तियार करने से संकोच नहीं करता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गैर कानूनी ढंग से निर्माण ढहाए जाने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कानून की तय प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जाती है। किसी अपराध में आरोपित होना कभी भी अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। मामले में 17 सितंबर को फिर सुनवाई होगी।

बता दे बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ ये टिप्पणियां और निर्देश न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने जमीयत उलमा ए हिंद व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए था। जमीयत ने याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में गैर कानूनी ढंग से आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने के आरोप लगाए हैं। याचिका में कहा है कि विभिन्न राज्यों में बुलडोजर इंसाफ का खतरनाक चलन बढ़ा है। इसमें समुदाय विशेष को और वंचित वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है। जमीयत की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और फारुख रशीद पेश हुए, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस की। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि प्रदेश सरकार ने इस मामले में गत नौ अगस्त को ही हलफनामा दाखिल कर दिया था और उस हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है, तो उसका घर ढहाए जाने का यह आधार कतई नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि कोई भी अचल संपत्ति सिर्फ, इस आधार पर नहीं ढहाई जा सकती कि व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है। मेहता ने कहा कि अचल संपत्ति म्युनिसिपल अधिनियम और विकास प्राधिकरणों के अधिनियम के उल्लंघन पर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ढहाई जाती है। पीठ ने मेहता से कहा कि अगर आप ये स्थिति स्वीकार कर रहे हैं तो अच्छी बात है। कोर्ट आपका बयान दर्ज करके पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट अपराधियों के खिलाफ कैसे कार्रवाई हो, इस पर तो चिंतित दिखा लेकिन पूरी सुनवाई के दौरान उसने ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे इस बात का अहसास होता कि कोर्ट की संवेदनाए पीड़ित पक्ष के साथ भी जुड़ी हुई हैं,जो चिंताजनक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# गणेश शब्द का अर्थ है गणों के ईश

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। गणेश चतुर्थी भारत वर्ष का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे महाराष्ट्र और कर्नाटक के साथ साथ अब लगभग संपूर्ण भारत में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गणेश शब्द का अर्थ है गणों के ईश। गणेश शब्द का संधि विच्छेद करें, तो यह दो शब्दों से मिलकर बना है गण और इश। गण कौन हैं उदाहरण के लिए यदि हम किसी पात्र में से थोड़ा सा जल किसी अन्य पात्र में निकाल लेते हैं, तो वह भी जल ही रहता है उसी प्रकार गण का अर्थ है अंश। जब मनुष्य का इस धरती पर आगमन होता है, अर्थात वह ऊर्जा जिससे गर्भ धारण होता है उसे श्री गणेश कहते हैं।



**लेखक : आचार्य योगेश कौशल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अतएव गणेश की ऊर्जा है केतु जब जीवात्मा मां की कोख में आती है वो केतु है। जब मनुष्य जन्म लेता है, तो वह अपने साथ पिछले जन्मों का लेखा-जोखा लेकर आता है। बाद में बड़े होने पर वह जो अपने बुद्धि विवेक से जो कार्य करेगा, वह उसके अगले आने वाले जन्मों का लेखा होगा।

हर कार्य को करने से पहले हम श्री गणेश करते हैं। अर्थात हम गणेश भगवान की आराधना के बाद ही कोई भी मंगल कार्य शुरू करते हैं। गणेश जी एक सूत्र हैं जो हमें परम् से जोड़ते हैं। गणेश चतुर्थी को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं जैसे कि एक सांकेतिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश जी ने महर्षि व्यास जी का आग्रह सहर्ष स्वीकार करते हुए, महाभारत कथा लिखना प्रारंभ किया। 9 दिनों तक लगातार कथा लिखी परंतु असमंजस की स्थिति थी कि कौन जीतेगा, क्योंकि पांडवों की सेना कम थी और कौरवों की सेना अधिक थी 10वें दिन वेद व्यास जी ने पाया कि अब पांडव निर्णायक स्थिति में पहुंच गए हैं।

अर्थात विजय पांडवों की होगी, उस स्थिति में पांडव हैं। कथा लिखते समय रणभूमि में तेज अग्नि वाणों के चलने और धूल मिट्टी के कारण गणेश जी की काया तप रही थी, तो वेद व्यास जी के अनुनय से गणेश जी को सरस्वती नदी में स्नान करवाया गया, तभी से गणेश चतुर्थी मनाई जाने लगी। भारत वर्ष में सबसे पहले गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरुआत छत्रपति शिवाजी ने की। शिवाजी भी अपने दुश्मनों से घिरे हुए थे और उन्होंने संकल्प लेकर गणेश जी की 10 दिनों तक आराधना की। तब से यह त्योहार मनाया जाने लगा। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## मिटाता अनपढ़ता

अनिल शर्मा नील

*__शिक्षक__ वो कुंभकार है करता जो*
*बालमन का श्रृंगार है*
*निस्वार्थ भाव से जो मिटाता*
*अनपढ़ता का अंधकार है।*
*अ से ज्ञ तक सिखाता है*
*अंक पहचान करना बताता है*
*ए से जेड भी लिखवाता है*
*हाथ पकड़ लिखना सिखाता है।*
*शिक्षक वो कुंभकार है करता जो*
*बालमन का श्रृंगार है*
*निस्वार्थ भाव से जो मिटाता*
*अनपढ़ता का अंधकार है।*
*मां की भांति प्यार करता है*
*पिता सी डांट लगाता है*
*निरक्षर को अक्षर ज्ञान करवाता है*
*सीढ़ी-सीढ़ी चढ़ना सिखाता है।*
*शिक्षक वो कुंभकार है करता जो*
*बालमन का श्रृंगार है*
*निस्वार्थ भाव से जो मिटाता*
*अनपढ़ता का अंधकार है।*
*गीली मिट्टी का घड़ा बना देता है*
*निराकार को आकार देता है*
*स्नेह अपने से संवार देता है*
*जीवन सरस बना देता है।*
*शिक्षक वो कुंभकार है करता जो*
*बालमन का श्रृंगार है*
*निस्वार्थ भाव से मिटाता जो*
*अनपढ़ता का अंधकार है।*
*लक्ष्य को दिखा देता है*
*मेहनत का सबक देता है*
*पग बढ़ाने का निर्देश देता है*
*सफलता का मूल मंत्र देता है।*
*शिक्षक वो कुंभकार है करता जो*
*बालमन का श्रृंगार है*
*निस्वार्थ भाव से जो मिटाता*
*अनपढ़ता का अंधकार है।*

# स्वाभिमान हमारा श्रृंगार है और कर्म ही पूजा है

स्वाभिमान हमारा श्रृंगार है। कर्म ही पूजा है। हम ईमानदारी से अपना कर्म कर रहे है। ईमान की रोटी कमाते हैं। मेहनत करके पसीना बहाते हैं। आज भले ही तुम रिश्वत व तलवे चाटकर सफल हो चुके हो मगर एक दिन तुम्हें औकात दिखा देगें कि तुम्हारी असलियत क्या है। आज तुम उपदेश देते हो। अतीत भूल गए। अतीत की परछाइयां मरते दम तक नहीं छोड़ेगी क्योंकि कर्मों की सजा जरूर मिलेगी। नैतिकता का पाठ पढ़ाते हो और अनैतिक कर्म करते हो। समय बलवान है, भगवान सजा जरूर देगा। आज अपनों को पहचानने से कतरातें हो। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे।

मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे, अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओं, जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। एक महात्मा ने कहा था कि अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते, तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं, अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौकापरस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल -कपट तक करने से नहीं चूकता, मगर जब उसकी मार पड़ती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है। समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया, लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोड़ी कपड़े होते थे। खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए, तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगें लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है। कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्म केंद्रित लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते। ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं। एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं, फिर भी पत्थर ही रहते हैं प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए। मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए।

जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है। इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है, तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते हैं मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है। क्या मजाल कि कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं, आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है।

आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है।

ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोड़ों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औधें मुंह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देव समाज में सर्वोपरि स्थान रखते हैं भगवान श्री गणेश जी

गणेश चतुर्थी हिंदुओं का त्योहार है, जो भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। वैसे तो प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, गणेश के पूजन और उनके नाम का व्रत रखने का विशिष्ट दिन है। श्री गणेश विघ्न विनायक हैं। यह देव समाज में सर्वोपरि स्थान रखते हैं। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मध्याह्न के समय गणेश जी का जन्म हुआ था। भगवान गणेश बुद्धि के देवता हैं। गणेश जी का वाहन चूहा है। ऋद्धि व सिद्धि गणेश जी की दो पत्नियां हैं। इनका सर्वप्रिय भोग लड्डू हैं। प्राचीन काल में बालकों का विद्या-अध्ययन आज के दिन से ही प्रारंभ होता था। आज बालक छोटे-छोटे डंडों को बजाकर खेलते हैं। यही कारण है कि लोकभाषा में इसे डंडा चौथ भी कहा जाता है। इस दिन प्रात:काल स्नानादि से निवृत्त होकर सोने, तांबे, मिट्टी अथवा गोबर की गणेश जी की प्रतिमा बनाई जाती है। गणेश जी की इस प्रतिमा को कोरे कलश में जल भरकर, मुंह पर कोरा कपड़ा बांधकर उस पर स्थापित किया जाता है। फिर मूर्ति पर (गणेश जी की) सिंदूर चढ़ाकर षोडशोपचार से पूजन करना चाहिए।

गणेश जी को दक्षिणा अर्पित करके 21 लड्डुओं का भोग लगाने का विधान है। इनमें से 5 लड्डू गणेश जी की प्रतिमा के पास रखकर शेष ब्राह्मणों में बांट देने चाहिए। गणेश जी की आरती और पूजा किसी कार्य को प्रारंभ करने से पहले की जाती है और प्रार्थना करते हैं कि कार्य निर्विघ्न पूरा हो, गणेश जी का पूजन सायंकाल के समय करना चाहिए। पूजनोपरांत दृष्टि नीची रखते हुए चंद्रमा को अर्घ्य देकर, ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा भी देनी चाहिए। इस प्रकार चंद्रमा को अर्घ्य देने का तात्पर्य है कि जहां तक संभव हो आज के दिन चंद्रमा के दर्शन नहीं करने चाहिए, क्योंकि इस दिन चंद्रमा के दर्शन करने से कलंक का भागी बनना पड़ता है।



**लेखक : रविदत्त भारद्वाज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिर वस्त्र से ढका हुआ कलश, दक्षिणा तथा गणेश जी की प्रतिमा आचार्य को समर्पित करके गणेश जी के विसर्जन का विधान उत्तम माना गया है। गणेश जी का यह पूजन करने से विद्या, बुद्धि की तथा ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति तो होती ही है, साथ ही विघ्न-बाधाओं का भी समूल नाश हो जाता है। एक बार भगवान शंकर स्नान करने के लिए कैलाश पर्वत से भोगावती नामक स्थान पर गए। उनके जाने के बाद पार्वती ने स्नान करते समय अपने तन के मैल से एक पुतला बनाया और उसे सतीव कर दिया। उसका नाम उन्होंने गणेश रखा। पार्वती जी ने गणेश जी से कहा- हे पुत्र! तुम एक मुद्गर लेकर द्वार पर जाकर पहरा दो। मैं भीतर स्नान कर रही हूं। इसलिए यह ध्यान रखना कि जब तक मैं स्नान न कर लूं, तब तक तुम किसी को भीतर मत आने देना। उधर थोड़ी देर बाद भोगावती में स्नान करने के बाद जब भगवान शिव जी वापस आए और घर के अंदर प्रवेश करना चाहा, तो गणेश जी ने उन्हें द्वार पर ही रोक दिया।

इसे शिवजी ने अपना अपमान समझा और क्रोधित होकर उसका सिर, धड़ से अलग करके अंदर चले गए। टेढ़ी भृकुटि वाले शिवजी जब अंदर पहुंचे तो पार्वती जी ने उन्हें नाराज देखकर समझा कि भोजन में विलंब के कारण महादेव नाराज हैं। इसलिए उन्होंने तत्काल दो थालियों में भोजन परोसकर शिवजी को बुलाया और भोजन करने का निवेदन किया। तब दूसरी थाली देखकर शिवजी ने पार्वती से पूछा-'यह दूसरी थाली किस के लिए लगाई है?' इस पर पार्वती जी बोली-'अपने पुत्र गणेश के लिए, जो बाहर द्वार पर पहरा दे रहा है।' यह सुनकर शिवजी को आश्चर्य हुआ और बोले- 'तुम्हारा पुत्र पहरा दे रहा है किंतु मैंने तो अपने को रोके जाने पर उसका सिर धड़ से अलग कर उसकी जीवन लीला समाप्त कर दी।' यह सुनकर पार्वतीजी बहुत दुखी हुईं और विलाप करने लगीं। उन्होंने शिवजी से पुत्र को पुनर्जीवन देने को कहा। तब पार्वती जी को प्रसन्न करने के लिए भगवान शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर काटकर उस बालक के धड़ से जोड़ दिया। पुत्र गणेश को पुन:जीवित पाकर पार्वती जी बहुत प्रसन्न हुईं। उन्होंने पति और पुत्र को भोजन कराकर फिर स्वयं भोजन किया। यह घटना भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को घटित हुई थी। इसलिए यह तिथि पुण्य पर्व के रूप में मनाई जाती है। शास्त्रों में भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को कलंक चतुर्थी भी कहा जाता है। इस दिन चंद्रमा का दर्शन करना निषेध माना गया है,

पौराणिक कथा के अनुसार एक दिन कैलाश पर ब्रह्मदेव महादेव के दर्शन के लिए गए तभी वहां देवर्षि नारद ने प्रकट होकर एक अत्यंत स्वादिष्ट फल भगवान शंकर को अर्पित किया। कार्तिकेय व गणेश दोनों पुत्र अपने पिता महादेव से उस फल की मांग करने लगे। तब ब्रह्मदेव ने महादेव से कहा कि फल को छोटे कार्तिकेय को दे दें। अत: महादेव ने वह फल कार्तिकेय को दे दिया। इससे गजानन ब्रह्मदेव पर क्रोधित होकर उनकी सृष्टि रचना के कार्य में विघ्न डालने लगे। गणपति के उग्र रूप के कारण ब्रह्म देव भयभीत हो गए। इस दृश्य को देखकर चंद्रमा हंस पड़े। चंद्रमा की हंसी सुन कर गणेश जी क्रोधित हो उठे तथा उन्होंने चंद्रदेव को श्राप दे दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098



# मणिमहेश यात्रा





# हर हर महादेव...













## डल पार करते ही शुरू होगा अष्टमी का स्नान

**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा के मुख्य राधाष्टमी के स्नान के दौरान सप्तमी को डल झील पार करने की परंपरा के साथ ही अष्टमी का स्नान शुरू होगा, जिसमें मुख्य भागीदार सचुई गांव के त्रिलोचन महादेव के वंशज डल झील को पार करते हैं। चेला कमेटी सचुई ने कहा कि डल झील हमेशा सप्तमी के दिन ही पार की जाती है, उसके बाद ही अष्टमी का स्नान शुरू होता है जिसे राधाष्टमी का स्नान कहा जाता है। चेला कमेटी के प्रमुख भागीदारों विजय कुमार, अजय कुमार, चमन, धर्म चंद आदि ने बताया कि सप्तमी दस सितंबर को होगी। इसलिए सात और आठ सितंबर को शिवजी भगवान के गुर अपनी पवित्र छड़ी सहित चौरासी मंदिर के मुख्य पंडाल पर बैठेंगे तथा यात्रियों को परंपरा नुसार आगे की यात्रा करने या न करने की इजाजत देंगे। दस सितंबर को सुबह धन छो से मणिमहेश के लिए निकलेंगे। उसी दिन दोपहर 12 बजे से लेकर एक बजे के बीच झील को पार करने की रस्म अदा की जाएगी। 11 सितंबर को राधाष्टमी का शाही स्नान होगा ।



चंबा से दशनामी जूना अखाड़ा की छड़ी शुक्रवार को भरमौर के दुर्गेठी पहुंच गई है। महंत यतेंद्र गिरी की अगुवाई में यह छड़ी 4 सितंबर को चंबा से रवाना हुई थी। 4 सितंबर को यह छड़ी चंबा के जुलाकडी में रुकी थी। जिसके बाद 5 सितंबर को यह छड़ी राख में रुकने के बाद शुक्रवार को छड़ी भरमौर के दुर्गेठी में रुकेगी और शनिवार सुबह ही भरमौर के लिए प्रस्थान करेगी।









## न्यूज ब्रीफ

### प्राथमिक स्कूलों की खेलें नहीं होनी चाहिए बंद : चंद शर्मा



**आजम डार, चुराह।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीसा ब्लॉक में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष व बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। यह बैठक खंड अध्यक्ष पंडित दुनीचंद की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में प्राथमिक स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता को बंद करने के फैसले पर खूब विचार विमर्श किया गया जहां सरकार विकास की बात करती है तो इस बैठक में सभी ने सरकार के इस फैसले को गलत ठहराया है। एसएमसी अध्यक्ष वह अभिभावकों का कहना है कि यदि बच्चे खेलेंगे नहीं तो उनका विकास कैसे होगा बच्चों में खेलों के प्रति भावना कम होती जाएगी। वही खंड अध्यक्ष दुनी चंद का कहना है कि यदि प्राथमिक स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता को बहाल नहीं करेगी तो वह धरना देने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

### थल्ली विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस



**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली में अध्यापक व छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया सभी छात्र-छात्राओं ने स्कूल के प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकों का बड़ी धूमधाम से स्वागत किया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे अध्यापक वर्ग को तोहफे आवंटित किया छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग अपनी प्रस्तुति पेश की और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य आरके प्रजापति का कहना है कि यह दिवस भारत के महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है।

### महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र चुवाड़ी की ओर से बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। बैंक की चुवाड़ी शाखा के वित्तीय सलाहकार विशाल सिंह ने शिविर में उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं जिसें सशक्त महिला ऋण योजना, आरडी, मोबाइल बैंकिंग का महत्व, हिम पैसा ऐप, पीएमएसबीवाई व पीएमजेजेबीवाई बीमा योजना के अलावा अन्य तरह की ऋण योजना जैसे कि वाहन ऋण, गृह ऋण ,व्यक्तिगत ऋण ,केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ऋण, मुद्रा ऋण पीएमईजीपी ऋण इत्यादि के बारे में जागरूक किया गया।

### चंबा अस्पताल में 12 को लगेगा निशुल्क जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा मिलेनियम पीप्लस सोसायटी जिला कार्यकारिणी की ओर से मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष विनीत विज की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में कई अहम मुद्दों व समस्याओं पर विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई। बैठक के दौरान सोसायटी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किए जाने वाले हृदय जांच शिविर को लेकर भी जरूरी निर्णय लिए। इस वर्ष भी सोसायटी द्वारा 12 सितंबर को चंबा अस्पताल में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीएमसी) शिमला के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. राजीव मरवाहा तथा डॉ. राजेश शर्मा द्वारा निशुल्क जांच की जाएगी। कहा कि निशुल्क जांच शिविर में जांच के लिए रजिस्ट्रेशन 10 व 11 सितंबर को सुबह 11:00 बजे से दोपहर एक बजे तक क्षेत्रीय अस्पताल चंबा के ओपीडी ब्लाक की पहली मंजिल में की जाएगी।

### 35 युवतियों ने जूट उत्पादन की सीखी बारीकियां

**चंबा।** भारतीय स्टेट बैंक की ओर से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू(चंबा) में युवतियों ने जूट उत्पादन की बारीयां सींखीं। करीब 13 दिनों तक चला जूट उत्पादन वीरवार को संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने शिरकत की। मुख्यातिथि की ओर से प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह दिए गए। साथ ही प्रशिक्षुओं को मन व लगन से कार्य करने की सलाह दी। प्रशिक्षण में 35 युवतियों का चयन किया गया था, जो विभिन्न गांवों से संबंधित हैं। चयनित युवतियों को प्रशिक्षण बबली कुमारी की ओर से दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा के निदेशक मनीष कुमार रजक की ओर से प्रशिक्षुओं को मन से काम करने का आह्वान भी किया गया।

## जातर मेले की पहली संध्या इशांत भारद्वाज के नाम

**ओपी शर्मा, भरमौर**



प्रस्तुति देते हुए इशांत भारद्वाज।

भरमौर जातर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह से हिमाचली लोक गायक इशांत भारद्वाज के नाम रही। वहीं 'भक्तों चल मणिमहेशा चलिए पंडतुआ' 'निकी जिनी गोजरी' 'लंबे तेरे लारे हो' जैसे सुपरहिट गानों पर यहां पर मौजूद दर्शक खूब नाचे।

इस दौरान स्थानीय कलाकार पवन ठाकुर, अनुरागिनी ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने दर्शनों का खूब मनोरंजन किया, लेकिन जैसे ही मंच पर इशांत भारद्वाज पहुंचे पूरा पंडाल तालियों व सीटीयों से गूंज उठा। मंच पर पहुंचते ही इशांत भारद्वाज ने दर्शकों की नब्ज को भांपते हुए उनके मनमाफिक प्रस्तुतियां देना शुरू किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए हुए शिव भक्तों ने भी इस संस्कृति संध्या का भरपूर आनंद उठाया। रंगारंग प्रस्तुतियों के दौरान यहां पर स्थानीय लोगों के साथ शिव भक्त भी खूब नाचे। तीन दिनों तक चलने वाली इन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमाचल के अलग-अलग कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले की दूसरे दिन हिमाचल लोक गायक सुनील राणा ने अपनी प्रस्तुति दी।

बहरहाल हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर 8 दिनों तक यहां पर मेले होते हैं जिसमें 9वां मेला दंगल के रूप में आयोजित किया जाता है। इस दौरान स्थानीय लोग अपनी पौराणिक संस्कृति का खूब प्रदर्शन करके लोगों का मनोरंजन करते हैं तो वहीं पर अगले तीन दिनों तक यहां पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन तीन दिनों तक किया जाता है।

## देवी देहरा में शिव शक्ति यूथ क्लब का हुआ गठन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत गांव देवी देहरा जालपा माता प्रांगण में शिव शक्ति क्लब का गठन किया गया। बता दें इस क्लब का एकमात्र उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है तथा अन्य ऐसे सामाजिक कार्य करने हैं जिनकी अभी समाज को अत्यधिक जरूरत है।

इस भव्य आयोजन में शिव शक्ति युथ क्लब द्वारा आए समस्त युवाओं को सदस्यता ग्रहण करवाई गई तथा कार्यकरिणी भी गठन किया गया। इस आयोजन में शानदार रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख कलाकार हिमाचल प्रदेश के जाने-माने लोग गायक सुनील राणा रहे जिन्होंने अपने लोक गायन की प्रस्तुतियों से आए हुए समस्त लोगों का दिल जीत लिया इसके इलावा पंकज शर्मा ने भी अपनी एक से एक बढ़िया प्रस्तुति देकर आए हुए लोगों का मनोरंजन किया बता दे इस आयोजन में स्थानीय लोक कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा को लोगों के समक्ष रखने का मौका दिया गया।

### नशे के खिलाफ लड़ेंगे जंग चेयरमैन प्रवीण टंडन

इस बारे में शिव शक्ति युथ क्लब के चेयरमैन प्रवीण टंडन से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गुनीयाला यूथ क्लब को भी शिव शक्ति यूथ क्लब में बदल कर दिया गया है। इस क्लब का एकमात्र उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर माहिया करवाना, युवाओं में खेलों के प्रति रुझान बढ़ता तथा तरह-तरह के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना जिससे युवाओं की खेल प्रतिभा सामने आ सके, इसके अलावा समाज में ऐसे कार्य जैसे स्वास्थ्य बेरोजगारी, के अलावा की ऐसी मूलभूत सुविधाएं हैं जिससे समाज वंचित है।

प्रवीण टंडन ने आए हुए लोगों से राजनीतिक पार्टियों से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए आगे आने के लिए अपील भी की उन्होंने कहा कि समाज की सेवा ही सर्वोत्तम सेवा है उन्होंने लोगों को आश्वस्त भी किया कि वह अपने समाज की भलाई एवं सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे बदले में उन्होंने सहयोग हेतु मांग भी की।

## लाहड़ू-नूरपुर रोड पर दरका पहाड़, 3 घंटे बंद रहा मार्ग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आज दोपहर लाहडू नूरपुर रोड पर केरु पहाड़ दरक गया, जिससे सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई। इस घटना के कारण यातायात लगभग 3:30 घंटे तक ठप रहा और दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। पहाड़ से गिरे मलवे ने सड़क को किया अवरुद्ध कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीनों का उपयोग करके सड़क को पूरी तरह से साफ कर दिया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि बारिश के कारण पहाड़ों के दरकने की समस्या बनी रहती है, जिससे इस तरह की घटनाएँ होती रहती हैं। बहुत जल्द विवाह की जेसीबी ने सड़क को पूरी तरह से खोल दिया।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने पर सुभाष को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



सुभाष को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले सुभाष चंद को चंबा के सिहत्ता पहुंचने पर किया सम्मानित । पांच सितंबर को राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताब चुक्ल जी के द्वारा जिला चम्बा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड़ा में भाषा अध्यापक के पद पर सेवारत शिक्षक को राज्य स्तरीय शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पूरे आकाक्षी जिला चंबा के लिए गर्व की बात है।

इस उपलब्धि की खुशी में चंबा जिला के कुछ अध्यापकों ने उनके चंबा आगमन पर विशेषकर केंद्रीय मुख्य शिक्षक समोट में कार्यरत विक्रम कौशल गेहरा ब्लॉक से सेवानिवृत खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्रेम लाल शर्मा , जेवीटी अध्यापक तिलक सिंह और अभी असंख्य अध्यापकों के सुभाष को सम्मानित किया। सुभाष ने बताया कि मेरे इस अवार्ड को प्राप्त करने में मेरे परिवार के साथ-साथ बहुत से अध्यापक साथियों सहित बच्चों का भी सहयोग और मार्गदर्शन रहा है। सुभाष कशव की इस उपलब्धि से पूरे चंबा जिला के पूरे अध्यापक समाज में खुशी की माहौल है। इस सम्मान समारोह में विशेष रूप से विक्रम कौशल प्रेम सिंह ब्रम्हानन्द तिलक सिंह, विकास गुप्ता हरजीत सिंह ज्ञान सिंह आदि मौजूद थे।

## जोगिंद्रनगर पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पुलिस ने अवैध शराब की कुल 135 पेटियां और 3 पेटियां बियर बरामद की है। जानकारी अनुसार 6 सितंबर को रात करीब ढाई बजे जब एएसआई लाल चंद और उनके सहकर्मी मनीष कुमार गश्त पर थे। इस दौरान शराब के ठेके के पास तीन व्यक्तियों से उनकी मुलाकात हुई। जिन्होंने पुलिस की गाड़ी को देखकर रुकने का इशारा किया। एएसआई लाल चंद और उनकी टीम ने टेम्पो की तलाश की, लेकिन घटासनी में टैंपू नहीं मिला। दो अलग-अलग स्थानों पर गत्ते की पेटियां पाई गईं, जिनमें अवैध शराब की कुल 135 पेटियां और 3 पेटियां बीयर थीं।

## खिरड़ी छिंज मेले का हुआ आगाज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिरड़ी मेला बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। बता दें यह मेला दो पंचायतों नगाली एवं बगढार पंचायत द्वारा करवाया जाता है एक दिन का आयोजन छिंज मेला कमेटी नगाली एवं अगले दिन छिंज मेला कमेटी बगढार द्वारा करवाया जाता है।

इसी कड़ी में आज नगाली छिंज मेला कमेटी द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि उपमंडलाधिकारी डलहौजी अनिल भारद्वाज ने शिरकत की। इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया बता दें की



खिलाड़ियों के साथ मौजूद गणमान्य लोग।

इस आयोजन में जहां मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें पीयूष ठाकुर ने पहला स्थान तो वहीं मनीष बंसल ने दूसरा स्थान हासिल किया, तो वहीं कबड्डी में भी कई टीमों ने अपनी जोर आजमाइश की जिसमें अंकु इलेवन फाइनल मैच पर कब्जा किया तो वहीं विजय उपविजेता टीम रही।

छिंज मेला कमेटी नगाली के प्रधान सुभाष ने बताया कि आज की हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन एवं हौसले को देखकर ऐसा लगता है कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन खेल प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेंद्र ठाकुर नीनू रहे जिन्होंने उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## वॉलीबॉल में तनहेड़ स्कूल विजेता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल धर्मपुर के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडप में अंडर-19 छात्राओं की धर्मपुर खंड-2 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयपाल ठाकुर थे।

वॉलीबॉल में तनहेड़ स्कूल विजेता, विजय मेमोरियल स्कूल धर्मपुर उपविजेता, कबड्डी में सिद्धपुर विजेता, मंडप उपविजेता, खो-खो में मंडप विजेता, हियुनपैहड उपविजेता, बैडमिंटन में संधोल विजेता, विजय मेमोरियल धर्मपुर उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि जयपाल ठाकुर ने समापन समारोह में मार्च पास परेड की सलामी ली, जिसमें मंडप विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा।



विजेता छात्र मुख्यातिथि के साथ।

**व अदालत डॉ. भावना वर्मा सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पधर, तहसील पधर**

श्री कृष्ण चंद व बेली राम पुत्रगण स्वारू राम निवासी चमाह डा. व तहसील पधर, जिला मंडी हि.प्र। ....प्रार्थी

बनाम आम जनता ...प्रत्यार्थी

इश्तहार/अखबारी

**आवेदन पत्रः- इश्तहार बराये बसीयत का इंतकाल दर्ज करने बारे।**

आवेदक श्री कृष्ण चंद व बेली राम पुत्रगण स्वारू राम निवासी चमाह डा. व तहसील पधर, जिला मंडी हि.प्र. ने बसीयतनामा का इंतकाल दर्ज करने बारे दरख्वास्त दी है। जिसमें उन्होंने गुजारिश की है कि उनकी माता श्रीमति गीता देवी ने एक बसीयतनामा पंजीकृत करवाया था। श्रीमति गीता देवी की मृत्यु हो चुकी है। अब हम इस बसीयत का इंतकाल करवाना चाहते हैं। हमारा एक भाई वालक राम है, जिसकी मृत्यु हो चुकी है, इसके नाम भी यह बसीयतनामा हमारी माता जी ने करवाई थी। परंतु मृतक बालक राम की पत्नी पम्मी देवी बसीयत का इंतकाल करवाती बार हाजिर नहीं हो रही है। बालक राम की पत्नी घर छोड़कर चली गई है। उसका हमारे पास कोई भी स्थाई पता नहीं है, कि वह कहां रहती है। हम अपने माता द्वारा करवाई गई बसीयतनामा का इंतकाल करवाना चाहते हैं।

अतः इस इश्तहार द्वारा पम्मी देवी पत्नी बालक राम को सूचित किया जाता है कि यदि श्रीमति गीता देवी द्वारा करवाई गई वसीयत का इंतकाल दर्ज करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 18.10.2024 को तहसील कार्यालय पधर, मंडी में अपना उजर/एतराज पेश कर सकती है।

यह इश्तहार आज दिनांक 30.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**डॉ. भावना वर्मा सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पधर, तहसील पधर**

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में सुहावना हुआ मौसम

## 10 सड़कों पर थम गया यातायात, एचटी लाइन में खराबी आने से गड़सा घाटी में बंद हुए 11 ट्रांसफार्मर

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में मौसम सुहावना हो गया है। शुक्रवार सुबह दोनों जिलों के निचले क्षेत्रों में जहां झमाझम बारिश हुई।

वहीं, रोहतांग के साथ लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। इससे तापमान में गिरावट आई है। वहीं, भारी बारिश से कुल्लू जिला मुख्यालय की सड़कें और रास्ते कुछ ही देर के भीतर पानी से लबालब हो गए। बारिश ने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद की व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। जिले की मुख्य सड़क (एमडीआर) पर गांधीनगर से लेकर रामशिला तक पानी बह रहा है। वहीं, नगर परिषद के सभी 11 वार्डों के पैदल रास्ते भी तालाब बन गए, जिस कारण राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचने में



मरीजों और तीमारदारों को उठानी पड़ी। लालचंद्र प्रार्थी कलाकेंद्र से अस्पताल गेट आने वाले पैदल रास्ते में भी जल भराव हुआ। वहीं, ढालपुर से कॉलेज चौक तक अस्पताल सड़क पर भी जगह-जगह पानी जमा हुआ।

उधर, जिले में शुक्रवार को आठ घंटे हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। शहर की सड़कों में पानी भरने से राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतें आई। स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी पानी में चलकर संस्थान पहुंचे। नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने लोगों को अलर्ट किया। बारिश के कारण 10 सड़कों पर यातायात जाम हो गया। हाईवे 305 भी माशनूनाला के पास पत्थर गिरने से बीच-बीच में यातायात प्रभावित हुआ। मशीनरी नहीं होने से लोगों ने खुद ही पत्थरों और चट्टानों को हटाया। बारिश के कारण बंजार की सुचैहण से शांगड़, भुईंका-कोटला तथा सैंज-देहुरी मार्ग अवरुद्ध हो गया। कुल्लू मंडल में नागूझौड़ से थाच माशना, शराउगी मोड़ से देहणीधार तथा आनी-निरमंड खंड की राणाबाग से कंडीबाग, पूनन से गाड़ामीम तथा कांडूगाड़ से पटारना सड़क पर बारिश ने खलल डाला। मणिकर्ण घाटी की मलाणा सड़क पहले से ही बंद चल रही है। बारिश से गड़सा घाटी में बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। यहां पर बिजली के 11 ट्रांसफार्मर ठप हो गए। बताया जा रहा है कि एचटी लाइन को नुकसान पहुंचने से बिजली गुल हो गई है। इससे कई इलाकों में अंधेरा पसर गया है।

### संबंधित विभागों को रिस्टोर करने के दिए निर्देश

**उधर,** लाहौल-स्पीति के कई इलाकों में भी जमकर बारिश हुई और चोटियों में फाहे गिरने से तापमान में कमी आई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि बारिश से बिजली और सड़कें प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को रिस्टोर करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हरितालिका तीज पर्व नेपाल व भारत की मैत्री को मजबूत बनाने में अहम : सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में पहली बार बड़े स्तर पर हरितालिका तीज पर्व का आयोजन हुआ। मुख्य संसदीय सचिव व विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत का भ्रातृ संबंध है तथा नेपाल भारत का छोटा भाई है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान से हम अपने संबंधों को अधिक मजबूत करेंगे। यह बात प्रवासी साझा मंच हिमाचल और सूत्रधार कला संगम की ओर से आयोजित महिलाओं के त्योहार हरितालिका तीज उत्सव के आयोजन अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाए, जिसके लिए वे अपना पूर्ण सहयोग देते रहेंगे तथा यह कार्यक्रम नेपाल तथा भारत की मैत्री को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में प्रवासी साझा मंच को सांस्कृतिक परेड में हिस्सा लेने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 15 देशों ने सांस्कृतिक परेड में भाग लिया था। उन्होंने अपनी और से कार्यक्रम के आयोजन के लिए 51 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। इस कार्यक्रम में नेपाल के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ हिमाचल के कलाकारों ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। इस उत्सव में नेपाल व हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय सहित नेपाल के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड वीरेंद्र शर्मा, सूत्रधार के अध्यक्ष दिनेश सेन सहित कई अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।



कुल्लू लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में आयोजित हरितालिका तीज पर्व के अवसर पर मुख्यातिथि पहुंचे सीपीएस सुंदर ठाकुर को सम्मानित करते हुए ।

# शिक्षक पाठशाला विकास योजना के तहत आने वाले विषयों पर की चर्चा



राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरान शिक्षा संवाद पर उपस्थित अभिभावक, शिक्षक व शिक्षा में रुचि लेने वाले लोग।

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरान में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति, अभिभावक एवं शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों ने भाग लिया। स्कूल के मुख्य शिक्षक जयपाल राणा ने बताया कि पूरे प्रदेश में चार फेज में शिक्षा संवाद का आयोजन किया जाता है। शिक्षा संवाद में आरटीई एक्ट-2009, शिक्षा नीति-2020 निपुण अभिभावन व शिक्षक पाठशाला विकास योजना के तहत आने वाले सभी विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें सभी ने रूचि दिखाई और इस मिशन की सफलता के लिए बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिक्षा संवाद में एसएमसी अध्यक्ष चंपा देवी, मुख्य शिक्षक जयपाल राणा, पवन देव जेवीटी व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों में मंजु, देवकन्या, सीता, निशा व रेखा उपस्थित रहीं।

# आत्मा अमर है और यह कभी नहीं मरती : संयोजक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

संत निरंकारी मिशन के द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी बहन कमला देवी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए संत निरंकारी सत्संग भवन मनाली में एक विशेष संगत का आयोजन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया।

इसमें जिले में संगत की लगभग नौ शाखाओं से आए हुए संत महात्माओं ने इस सत्संग कार्यक्रम में जाकर सुदीक्षा जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अपने भाव भी रखे, जिसमें मुख्य रूप से बंजार, कुल्लू, भुंतर, वराण, बेंची, कटराईं, मनाली व केलांग शाखा के लोगों ने भी इस सत्संग में भाग लिया। इस सत्संग कार्यक्रम में संतों ने सतगुरु का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य रूप से स्टेज पर संयोजक जालफू राम ने बताया कि महात्मा की संत निरंकारी मिशन के



विचारधारा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि हम इस धरती पर क्यों आए हैं हमारा उद्देश्य क्या है अवतार वाणी हवाला देते हुए कहा कि इंसानी जन्म में आने का उद्देश्य ईश्वर की प्रति, जो कि निरंकारी मिशन में ब्रह्मज्ञान के द्वारा दिखाया जाता है और भगवत गीता का हवाला देते हुए संयोजक ने बताया कि आत्मा अमर है और यह कभी नहीं मरती। यह शरीर नाशवान है हमें अपना जीवन सत्संग सेवा करते हुए विताना चाहिए क्योंकि शरीर नाशवान है।

# सहायिकाओं के साक्षात्कार आगामी आदेश तक स्थगित

**केलांग।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, केलांग ने कहा कि 18 सितंबर को एसडीएम केलांग के कार्यालय में तथा 20 को एसडीएम उदयपुर के कार्यालय में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साक्षात्कार प्रातः 11:30 बजे करवाए जाने थे।

उदयपुर उपमंडल में आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के साक्षात्कार की तिथि तथा समय वही रहेगा, जो अधिसूचना में जारी किया गया था। उपमंडल केलांग के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साक्षात्कार को 31 अगस्त को पंचायतीराज संस्था के उपचुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

# दो वर्षों में नहीं कर पाए 300 मीटर बाइपास सड़क का निर्माण : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार नगर व आसपास के क्षेत्रों में यातयात व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए गत 2 वर्षों से बंजार बाइपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 1.9 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण पूर्व की जयराम सरकार के समय में शुरू किया गया था।



जयराम सरकार द्वारा बंजार क्षेत्र की ट्रैफिक समस्या के अनुरूप परिगमन सुधार के लिए तकरीबन भू-अधिग्रहण के साथ तकरीबन 7 करोड़ रुपए की प्रशासनिक अनुमति इस सड़क के निर्माण के लिए दी गई थी। वर्ष-2022 में 1.6 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण भी किया जा चुका है। परंतु उसके बाद नई सरकार के आते ही इस सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी की ओर से बाइपास के बंद पड़े निर्माण कार्य पर लोक निर्माण मंत्री से सवाल किया गया, जिसके जवाब में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस सड़क की महत्ता को स्वीकारते हुए विभाग को जल्द इस कार्य को पूरा करने के निर्देश करने की बात कही। विधायक ने कहा कि सरकार बदलते ही निजी स्वार्थ के लिए बाइपास के सड़क के ठेकेदार को बदल दिया गया और आज नतीजा सभी के सामने है कि दो वर्ष होने को हैं और तीन सौ मीटर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। सड़क निर्माण के लिए सभी संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन सरकार के स्थानीय नुमाइंदे बेसुध पड़े हैं। विधायक ने कहा कि लिखित जवाब में विभाग द्वारा अभी भी इस शेष निर्माण को मार्च 2025 तक पूरा करने का समय मांगा है।

# 2909 किसानों की ईकेवाईसी का कार्य 96 प्रतिशत पूर्ण

## भूमि तक्सीम व इंतकाल के लंबित मामलों का राजस्व अधिकारी समय रहते निपटारा करें सुनिश्चित : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी राहुल ने निर्देश देते हुए कहा कि ऑनलाइन मेघ डिमार्केशन सॉफ्टवेयर के तहत जिले के समस्त निशान देही के मामलों का निपटारा अक्तूबर माह के बाद विशेष अभियान की ओर से सुनिश्चित बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भूमि तक्सीम व इंतकाल के लंबित मामलों का भी राजस्व अधिकारी समय रहते निपटारा सुनिश्चित बनाएं, ताकि



लाहौल-स्पीति में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

लोगों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान हो सके। उन्होंने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 2909 किसानों की ईकेवाईसी का कार्य लगभग 96 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। शेष किसानो की ईकेवाईसी के कार्य को तेज गति प्रदान की जा रही है और आधार नंबर को बैंक खाते से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय जेनेरिक दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से लाहौल-स्पीति में इस वर्ष जनवरी से अगस्त माह तक 180 विभिन्न दस्तावेज पंजीकृत किए गए हैं।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि जिले के 218 आबादी देह गांव की प्रथम चरण की योजना में ड्रोन तकनीक से जमीनों के प्लॉट की मैपिंग कार्य व ई हिमभूमि वेरीफिकेशन को भी तेज गति प्रदान करें। बैठक में डीसी ने निर्देश जारी किए कि राज्य आपदा राहत व राष्ट्रीय आपदा राहत निधि के तहत प्रभावित परिवारों को आवंटित धनराशि तथा न्यूनीकरण कार्यों के समुचित उपयोग की पुष्टि मौके पर जाकर अधिकारी स्वयं करें। समीक्षा बैठक का संचालन सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने किया और एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा, केशव राम उदयपुर तथा ऑनलाइन माध्यम से एसडीएम काजा हर्ष अमरिंदर नेगी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार, कार्यालय व फील्ड कानूनगो बैठक में मौजूद रहे।

# भुंतर के नए थाना प्रभारी एक्शन मोड में, खनन माफिया पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर के नए थाना प्रभारी राम लाल ठाकुर पदभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आए। भुंतर थाना का कार्यभार संभालते ही उन्होंने मीडिया को बताया कि अपराधी कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भुंतर पुलिस ने खनन माफिया पर शिकंजा कस दिया है। गड़सा वैली के ज्येष्ठा इलाके में पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें बनाने, उनमें ब्लास्टिंग करने और अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर



दर्ज की है। गड़सा वैली के ज्येष्ठा इलाके में अवैध खनन करने के जुर्म में पुलिस ने ठेला इलाके के तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस एक्ट की धारा 303 (2), वन अधिनियम की धारा 32, 33 और माइनिंग एंड मिनरलज एक्ट की धारा-21 के तहत यह एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की पहचान जोगराज पुत्र रेतू राम, भुपेंद्र और नरेश पुत्र डीनू दयाल के रूप में हुई है। इसके अलावा कई खनन, वन व नशा माफिया पुलिस की रडार पर हैं और उन पर भी शीघ्र शिकंजा कसा जाएगा। राम लाल ने कहा कि भुंतर इलाके से मैं भली-भांति परिचित हूं। अपराध को जड़ से मिटाने के लिए जनता का साथ बहुत जरूरी है। योजनाबद्ध तरीके से नशा माफिया की कमर तोड़ी जाएगी। तस्करों पर पुलिस की पैनी नजर है। शहर की सुरक्षा को लेकर रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। वहीं, ट्रैफिक व्यवस्था में और सुधार लाया जाएगा।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं को खुद की कमजोरियों पर पाना होगा काबू

मुझे लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज में हरेक की सोच बदलनी होगी, हांलाकि मैं ये भी मानती हूं कि समाज में हरेक की सोच को बदलना आसान नहीं है, मगर धीरे-धीरे की गई कोशिशों से समाज में बदलाव आ सकता है। दूसरी बात महिलाओं को खुद को कमजोर और अबला समझना छोड़ कर खुद की कमजोरियों पर काबू पाना होगा और साथ ही अपने घर के बेटों को भी महिलाओं के प्रति आदर भाव पैदा करना होगा। अकसर महिलाओं में असुरक्षा की भावना प्रबल हो जाती है, जिस कारण महिलाएं अपनी ही बेटियों पर बहुत सी पाबंदियों लगा देती हैं, जिस कारण बेटियों के मन में भी बचपन से ही असुरक्षा की भावना पैदा हो जाती है। बेटियों को जितना हो सके, उतना शिक्षित करें, ताकि जीवन में हर मोड़ पर शिक्षा की रौशनी में आगे बढ़ती रहें और आत्मनिर्भर बन सके क्योंकि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना उनकी दुर्बलता को ताकत में बदलने की क्षमता रखता है, जब महिला स्वयं कमाने लगती है, तो ऐसे में आत्मविश्वास बढ़ता है और धीरे-धीरे महिलाएं खुद को मानसिक रूप से भी मजबूत करना सीख जाती है।



रिचा, निवासी मनाली जिला कुल्लू।

## घर हो या बाहर महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना हर इंसान का धर्म

वैसे तो महिलाएं कभी भी कमजोर नहीं थीं और न कभी कमजोर हो सकती हैं, मगर समाज में जब अपराधी किस्म के लोगों के द्वारा महिलाओं, बेटियों और नन्हीं बच्चियों के साथ दरिंदगी खबर अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, तो ऐसे में सभी के मन में अपने घर की महिलाओं और बहू, बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगती है। घर हो या बाहर महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना हर इंसान का धर्म है और अगर किसी महिला के साथ कोई गलत करने की कोशिश करता है, तो ऐसे में लोगों का फर्ज बनता है कि वो अपनी आवाज उठाएं। इसके साथ ही बेटियों को शिक्षित करना और उन्हें उस काबिल बनाना की वो अपनी जीवन के अहम निर्णय खुद ले सके और क्या सही है और क्या गलत है वो खुद समझ सके। इसके साथ ही किसी से मदद की गुहार लगाने की बजाए खुद ही हर परिस्थिति से लड़ सके इतना काबिल बनाना होगा। इस के साथ ही मौजूद समय में जिस तरह से अपराध बढ़ रहे हैं उस हिसाब से देश के कानून में भी संशोधन होना चाहिए, ताकि देश के हर गली-मोहल्ले में महिलाएं और बेटियां खौफ से नहीं, बल्कि बेखौफ होकर घूम फिर सकें। इसके साथ ही सभी माता-पिता को बचपन से ही अपनी बेटियों को मानसिक और शारिरिक रूप से मजबूत बनाने पर बल देना चाहिए, ताकि बेटियां किसी से बिना डरे खुद को हर परिस्थितियों में सुरक्षित रख सकें।

**एक महिला का महिला होना उसकी दुर्बलता का नहीं, बल्कि मजबूती का है प्रतीक**

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

## महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा ही एकमात्र सहारा

महिलाओं को देश के अंदर सुरक्षित माहौल देना सरकार का पहला कर्तव्य है, मगर कई सालों से देखा जा रहा है कि महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर बहुत से कानून तो बन चुके हैं, मगर धरातल पर कोई भी कानून अपराध रोकने के लिए कारगर साबित नहीं हुआ। कानून होने के बावजूद भी महिलाओं के प्रति होने वाली अपराधिक घटनाओं में कोई कमी नहीं आई है इसलिए अब कानून व्यवस्था को बदलने के साथ-साथ कुछ नए और सख्त कानून बनाने की जरूरत है, जिससे कि महिलाओं के प्रति होने वाली अपराधिक घटनाओं में कमी आ सके। मैं मानती हूं कि महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा ही एकमात्र सहारा है क्योंकि शिक्षित महिला आधुनिक होने के साथ-साथ बुद्धिमान और काबिल भी होती हैं और शिक्षित महिला अपने हितों की रक्षा करना जानती है। सबसे पहले महिलाओं को ये समझना होगा कि एक महिला का महिला होना उसकी दुर्बलता का कारण नहीं है, बल्कि मजबूती का प्रतीक है, जो महिला जीवन दे सकती है, वो कभी भी कमजोर नहीं हो सकती। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बनाने की जरूरत है इसके लिए बेटियों को घर परिवार के साथ-साथ समाज के सहयोग की भी सख्त जरूरत है।



कृतिका, निवासी गांव हरिपुर मनाली, जिला कुल्लू।

## आपराधिक मामलों में कानून को तेजी से कार्य करना होगा

देश में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए तो बहुत से कानून बने हैं, मगर बात जब महिलाओं के साथ घटने वाली आपराधिक घटनाओं की हो तो ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अब तक महिलाओं के साथ जितनी भी आपराधिक घटनाएं घटी हैं, उनमें दोषियों को फौरन सजा नहीं मिल पाई है, जिस कारण अपराध का शिकार हो चुकी महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास और न्याय की उम्मीद दम तोड़ देती है। महिलाओं के साथ होने वाली अपराधिक मामलों में कानून को भी तेजी से कार्य करना होगा। इसके साथ ही समाज में बेटियों को मजबूत बनाने के लिए परिवार का सहयोग मिलना बहुत जरूरी है, जब तक अभिभावक अपनी बेटियों पर विश्वास नहीं करेंगे, तब तक बेटियों में उत्साह की कमी रहेगी इसलिए हर मुश्किल वक्त में माता-पिता का साथ होना बहुत जरूरी है। सभी माता-पिता को चाहिए कि लिंग के आधार पर बेटा-बेटी में फर्क न करें, बल्कि दोनों पर समान विश्वास बनाए रखें और कभी भी बेटा-बेटी में कोई फर्क न करें पर बेटियों को भी हर कदम पर प्रोत्साहित करते रहें, ताकि बेटियों में भी कुछ कर दिखाने का जज्बा पैदा हो सके।



रीना, निवासी प्रीणी गांव मनाली, जिला कुल्लू।

## देश की कानून व्यवस्था को करना होगा सख्त

मैं तो मानती हूं कि अगर समाज में महिलाओं की दशा को सुधारना है, तो सबसे पहले इस देश की कानून व्यवस्था को सख्त करना होगा। आज हमारे देश में अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहा है और सबसे ज्यादा अपराध महिलाओं और बेटियों के साथ घट रहा है। इसके लिए कानून में इन अपराधों के लिए दी जाने वाली सजा की प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत है, ताकि अपराधियों को उनके द्वारा किए गए अपराध की सजा जल्द से जल्द मिल सके। इसके साथ ही सभी को महिलाओं के प्रति अपनी सोच में बदलाव लाना होगा और समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान को समझते हुए महिलाओं के प्रति सभी को अपनी सोच में परिवर्तन लाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण ये है कि शिक्षा के अधिकार के तहत बेटियों को पढ़ने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए। सबसे पहले महिलाओं को ही आगे आकर महिला शक्ति का एहसास करवाना चाहिए।



रेखा शर्मा, निवासी अलेउ मनाली, जिला कुल्लू।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज यानी 7 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल दोपहर एक बजे सोलन के अंतर्गत कंडाघाट उपमंडल के ममलीग स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के लड़कों की क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### नाहन में 9 सितंबर को 9 घंटे का शटडाउन

**नाहन।** बिजली उपमंडल सहायक अभियंता नाहन के द्वारा दी गई प्रेस सूचना के अनुसार 9 सितंबर को नाहन शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी, जिसके कारण नाहन शहर, गुन्नू घाट, चौगान, कच्चा टैंक, शंभूवाला, बनकला, बोहलियों, मातरभेड़ों, कटासन, उत्तमवाला, नेहरला, चासी, सुरला, महीधार, धारक्यारी, जाब्बल का बाग, जमटा, रामाधौण, पंजाहल, धगेड़ा, आमवाला, सैनवाला, बोगरिया, बांका बाड़ा औद्योगिक क्षेत्र, मोगिनंद के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

### वॉलीबाल में मनीषा और नीरज की टीम विजेता

**पांवटा साहिब।** राजकीय महाविद्यालय शिलाई में करियर काउंसिल एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से खेलों के लाभ के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत वॉलीबाल खेल गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज शिलाई के प्राचार्य डॉ. जेआर कश्यप ने किया। इस गतिविधि में कुल छह टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर कप्तान मनीषा बीए तृतीय वर्ष की टीम रही और द्वितीय स्थान पर कप्तान निकिता शर्मा बीए तृतीय वर्ष की टीम रही। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर कप्तान नीरज बीए तृतीय वर्ष की टीम रही। तत्पश्चात विजेता टीम का मैच शिक्षक वर्ग तथा गैर-शिक्षक वर्ग की टीम के साथ हुआ। इस गतिविधि में लगभग 40 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

### डॉ. संजीव की शिक्षा पद्धति में अनोखी पहल

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में एक शिक्षक ने शिक्षा को रुचिपूर्ण और सरल बनाने के लिए एक अनोखा प्रयास किया है। डॉ. संजीव अत्री ने विज्ञान विषय के शिक्षण में सिनेमा को एक सफल उपकरण और प्रभावी पद्धति के रूप में प्रयोग किया है। उन्होंने स्वयं बहुत सी शैक्षणिक फिल्मों का निर्माण किया और पहले बनी फिल्मों को शिक्षण कक्ष से जोड़ा। डॉ. अत्री का मानना है कि सिनेमा के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया बहुत मनोरंजक और रुचिपूर्ण हो जाती है। उन्होंने विद्यालयों में बाल फिल्म क्लब गठित किए हैं और विद्यार्थियों को शैक्षणिक सिनेमा निर्माण की तकनीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं। उनके निर्देशन में उनके विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी मिले हैं। डॉ. अत्री का कहना है कि सिनेमा को शिक्षण से जोड़कर शिक्षा प्रक्रिया में विद्यार्थियों की संज्ञानात्मक क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। वर्तमान में डॉ. संजीव अत्री टौकियो स्कूल में बतौर प्रधानाचार्य तैनात हैं। इसी वर्ष उनकी एक फिल्म 'सोंधी धरती मीठा गुड़' को भी हैदराबाद में राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।

### प्रदेश में बढ़ती हुई घटनाओं पर चिंता जाहिर की



**सोलन।** सोलन में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रखंड सोलन में भी विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी, जिला संयोजक कुणाल शर्मा, जिला सह मंत्री मोहन सिंह, जिला सह मंत्री बलभद्र भट्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के विषय में जिला अध्यक्ष ने अपने विचार रखे तथा जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी ने प्रदेश में बढ़ती हुई घटनाओं के विषय में चिंता जाहिर की और सभी को जागरूक करने का प्रयास किया।

### लंबित संशोधित वेतनमान का भुगतान करे सरकार

**दाड़लाघाट।** शिक्षा विभाग से संयुक्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए विजय कौंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शिमला में करीब दस दिन पूर्व पत्रकार वार्ता में कहा था कि जो बोर्ड व निगम अपने स्तर पर लंबित संशोधित वेतन मान का बकाया भुगतान कर सकते हैं, उन्हें कर देना चाहिए। इस बयान पर विजय कौंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि उनकी यह सोच अच्छी है, लेकिन इसे धरातल पर अमलीजामा तभी पहनाया जा सकता है, जब प्रदेश सरकार लिखित रूप से इसकी अधिसूचना जारी करे। इससे सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड भी अपने स्तर पर कर्मचारियों को वेतन व पेंशन देता है, ऐसे में यह एक लाभदायक फैसला हो सकता है। सरकार को इस बारे में जल्द फैसला लेते हुए अधिसूचना जारी करनी चाहिए। बता दें कि विजय कौंडल दो बार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड महासंघ के महासचिव भी रह चुके हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि कर्मचारी हमेशा सरकार के साथ खड़े रहते हैं।

### शिक्षा में हुई प्रगति से संबंधित रिपोर्ट को साझा किया



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। शिक्षा संवाद में पंचायत प्रधान गुरदेई, उपप्रधान मनसा राम, एसएमसी प्रधान खेमराज सहित 50 अभिभावकों ने भाग लिया। प्रभारी प्रवक्ता इतिहास लेखराम ठाकुर के मार्गदर्शन में इस शिक्षा संवाद में उपस्थित अभिभावकों से विद्यार्थियों की शिक्षा में हुई प्रगति से संबंधित रिपोर्ट को साझा किया गया। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हो रही शैक्षिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों से साझा की। एसएमसी प्रधान खेमराज ने उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय व विद्यार्थियों के विकास में हर संभव योगदान करने का आग्रह किया।

### किसानों के साथ अनुभव किए साझा



**दाड़लाघाट।** जीवा परियोजना का उद्घाटन अंबुजा फाउंडेशन के सीओओ चंद्रकांत कुंभानी द्वारा किया गया, जिन्होंने समिति को परियोजना का स्वीकृति पत्र सौंपा। इस परियोजना के लिए नाबार्ड द्वारा 1.16 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और मृदा स्वास्थ्य पर काम करना है। कार्यक्रम के दौरान जीवा परियोजना के प्रमुख पुष्पेंद्र और सचिव उमा ने एक वर्ष के अपने अनुभव साझा किए कि कैसे उनके खेती करने के तरीके में जीवा परियोजना के कारण बदलाव आया है। परियोजना के पहले चरण में 21 गांवों के 48 प्रमुख किसानों को शामिल किया गया। नीम चंद और सुनीता ने भी सभी किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

### कसौली में शिक्षकों ने रैंप वॉक कर मचाया धमाल



**सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रैंप वॉक किया। उसके बाद स्टूडेंट्स ने नृत्य, गीत, भाषण और कविता आदि प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए फनी-डांस ने सभी को थिरकने पर विवश कर दिया। फिर अध्यापक-अध्यापिकाओं को टाइटल सांग के साथ मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

### हिंदी भाषा को बोल-चाल की भाषा में करें शामिल

**रिकांगपिओ।** भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से रिकांगपिओ कॉलेज में राजभाषा पखवाड़ा के तहत विभिन्न विद्यालयों के 200 विद्यार्थियों के मध्य हिंदी की महत्ता विषय पर भाषण, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीसी डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और इस पर हमें गर्व होना चाहिए। आज के समय में जहां अंग्रेजी भाषा को सीखने व सीखाने का चलन अत्याधिक है। वहीं, हमारा भी दायित्व बनता है कि हम हिंदी भाषा को अपनी बोल-चाल की भाषा में शामिल करें तथा इसका अध्ययन करें।

# स्थायी ठिकाना न मिलने पर रेहड़ी चालक जाएंगे हाईकोर्ट

## नगर निगम ने वेंडर मार्केट में लावारिस छोड़े रेहड़ी चालक, परिवार के पालन पोषण की सता रही चिंता

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में स्थायी ठिकाना नहीं मिलने से नाराज लाइसेंस रेहड़ी चालकों ने शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के बैनर तले हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है।

समिति ने हाल ही में धर्मशाला के मैक्लोडगंज से हटाए गए रेहड़ी चालकों के पुनर्वास को लेकर हाई कोर्ट से आए निर्णय को आधार बनाएगी। बता दें कि शहर की सड़कों को वेंडर फ्री करने के लिए नगर निगम ने सपरून में वेंडर मार्केट बनाई है, लेकिन इसमें तकनीकी खामियां होने से दुकानदार दुकानें छोड़ने का मन बनाकर शहर के अन्य हिस्सों में स्थायी ठिकाना देने की मांग कर रहे हैं। शहर में इस समय करीब 300 रेहड़ी-फड़ी चल रही है। इसमें कई ऐसे भी हैं, जो स्थायी होने के साथ पिछले 20 वर्षों से रेहड़ी चला रहे हैं। यह वर्ग भी वेंडर मार्केट में दुकान की मांग कर रहा है। रेहड़ी चालक कई वर्षों से रोजगार का स्थायी ठिकाना दिए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग करते आ रहे हैं। निगम ने रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में बनी दुकानों के आवंटन तो किया पर सुविधाएं नहीं दी। वहीं, हाईवे से उठाए जाने के बाद इस वर्ग का रोजगार छिन गया है। अब लाइसेंस धारकों को परिवार के पालन पोषण की चिंता सता रही है। (अनंत ज्ञान)




सपरून में बनी वेंडर मार्केट।

### वेंडर मार्केट में सुविधाएं नहीं

**नगर** निगम ने सपरून में लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को आधी अधूरी वेंडर मार्केट में दुकानों का आवंटन कर लावारिस छोड़ दिया। वेंडर मार्केट में निगम के वादे के मुताबिक सुविधाएं नहीं मिल पाई। इतना ही नहीं ग्राहक नहीं होने से अधिकतर रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इससे इस वर्ग पर रोजी रोटी का संकट आन पड़ा है। हैरानी की बात है कि पुराना स्थान छोड़ने के बावजूद निगम इस वर्ग की आजीविका के प्रति गंभीर नहीं है।

### प्रशासन ने भी नहीं सुनी

**रेहड़ी** चालकों ने ग्राहक बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन से वेंडर मार्केट के सामने लोकल बस स्टॉपेज बनाने की मांग की थी। डीसी के आश्वासन के बावजूद आज तक यह व्यवस्था नहीं बन पाई। राजगढ़ की तरफ आने-जाने वाली लोकल बसों और ऑटो का स्टोपेज वेंडर मार्केट के पास बनने से यहां ग्राहकों का आना शुरू होगा, जिससे इस वर्ग की रोजी रोटी का गुजारा हो सकता है।

### शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति ने उठाए सवाल

**शूलिनी** रेहड़ी-फड़ी विकास समिति वेंडर मार्केट को लेकर कई बार सवाल खड़ी कर चुकी है। समिति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि वेंडर मार्केट में सुविधाएं नहीं होने से रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ रहे हैं। वहीं, बाकि बचे हुए रेहड़ी धारकों को उनके चिन्हित स्थानों पर न तो विस्थापित किया जा रहा है और न साथ ही मूल स्थान उन्हें दिया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि रेहड़ी चालकों के लिए बनाई गई वेंडर कमेटी ने दस स्थान चिन्हित किए गए थे, उनमें से एक एक्साइज ऑफिस के ऊपर वाला हिस्सा भी है, जहां हम पहले रेहड़ी लगाते थे। प्रधान का आरोप है कि उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकतर रेहड़ी चालकों ने प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत लोन भी ले रखे हैं। काम नहीं होने से बैंक का लोन चुकाना मुश्किल हो चुका है।

## बांध प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

**नाहन।** रेणुका संघर्ष समिति ने अपनी मांगों के समर्थन में रोष प्रदर्शन किया। विस्थापितों ने यहां ददाहु बाजार में आक्रोश रैली निकालते हुए अपनी मांगों के समर्थन में बांध प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां आक्रोश शैली से पूर्व रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के माध्यम से बांध प्रबंधन के समक्ष स्थापित की कई समस्याएं रखी गई। मीडिया से परिचित हुए रेणुका बांध विस्थापितों ने बताया कि लंबे समय से वह बांध प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन कोई समाधान न होने के चलते बांध विस्थापितों में आक्रोश पनपा है। उन्होंने बताया कि न तो बांध प्रबंधन हाउस लैस और लैंडलेस विस्थापितों की सूची जारी कर रहा है और न ही उनकी कोई सुनवाई की जा रही है, जिसके चलते बांध विस्थापित भारी समस्याओं व परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शुक्रवार को मांगों के समर्थन में पहले बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें कई समस्याओं को बांध प्रबंधन के समक्ष रखा गया। कोई सुनवाई न होने से आक्रोशित विस्थापितों ने यहां आक्रोश रैली निकाली।

# विक्रम बाग खारी नदी में अवैध खनन का धंधा जोरों पर

**एसपी जैरथ, नाहन**

नाहन विधानसभा क्षेत्र के विक्रम बाग क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ अवैध खनन को अंजाम दे रहा है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार खनन का यह अवैध कारोबार विक्रम बाग के खारी नदी तथा पीपल वाला में चल रहा है।

स्थानीय निवासी रोशन अली लियाकत अली इमरान आदि दर्जनों लोगों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में पूरी रात अवैध खनन का कार्य चलता है। शिकायतकर्ताओं ने वन विभाग पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि सारा कार्य विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत के साथ चल रहा है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय निवासी धनवीर दिलशाद और उनके कई सारे साथी पूरी रात नदी में अवैध खनन करते हैं। लोगों का कहना है कि अवैध खनन का कारोबार करने वाले अवैध हथयारों से भी लैस रहते हैं। रात को होने वाली खनन गतिविधियों से क्षेत्र में काफी शोर-शराबा रहता है, जिसके कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती



है। शिकायतकर्ताओं के द्वारा प्रशासन से अपील की गई है कि नदी में चल रहे अवैध खनन पर जल्द लगाम लगाई जाए।

वहीं, वन विभाग के बीओ तेजवीर सिंह का कहना है कि उन्हें इस बारे में बहुत सी शिकायतें मिलती हैं उनके द्वारा कार्रवाई भी की जाती है। वन अधिकारी का कहना है कि माफिया काफी शातिर है और उनका सूचना तंत्र भी काफी सक्रिय है। उन्होंने कहा फिलहाल खनन की गतिविधियां नहीं चल रही हैं। वन अधिकारी का कहना है कि रात को ऐसी घटना होती होगी, मगर इस नदी की तरफ जाने के कई रास्ते हैं, जिनका इस्तेमाल खनन माफिया अपनी सेफ साइट के लिए करता है। उधर, डीएफओ नाहन अवनी भूषण राय का कहना है कि यदि उनके पास कोई ऐसी शिकायत आती है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### हाईकोर्ट से जमानत रद्द होने के बाद भी पुलिस आरोपी पुलिसकर्मियों को नहीं कर पा रही गिरफ्तार

# डीएसपी समेत छह कर्मियों पर लटकी सस्पेंशन व गिरफ्तारी की तलवार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग के छह पुलिस कर्मियों पर अब सस्पेंशन के साथ-साथ गिरफ्तारी की तलवार भी लटक गई है।

हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत रद्द होने के बाद आरोपी पुलिसकर्मियों ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन किया है, जिसमें से एक आरोपी महिला कांस्टेबल की जमानत याचिका को रद्द कर दिया है, जिससे अब बाकी आरोपी पुलिस कर्मियों को अग्रिम जमानत की उम्मीदें टूटती नजर आ रही हैं। नालागढ़ थाना में दंपती के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने के मामले में आरोपी चल रहे पूर्व डीएसपी एलआर समेत पांच अन्य पुलिस कर्मियों की परेशानी अब और अधिक बढ़ गई है। हालांकि प्रदेश पुलिस उनके फरार होने की बात कह रही है और जल्द गिरफ्तारी के लिए कहा जा रहा है, लेकिन

### ये आरोपी पुलिस कर्मी चल रहे फरार

**उत्तराखंड** राज्य की एक दंपती को परेशान करने के मामले में डीएसपी लखबीर सिंह समेत अन्य पांच पुलिसकर्मी कल्याण सिंह, कुलदीप कुमार शर्मा, सुनील कुमार, अशोक राणा और चंदर किरण शामिल हैं। इन सभी आरोपियों के खिलाफ नालागढ़ पुलिस थाना में अब छह अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इन मामलों में यह बीते दिसंबर माह से फरार चल रहे हैं और पुलिस अब तक इन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी कांस्टेबल की जमानत को किया रद्द**

**नालागढ़ थाने में दंपती के साथ मारपीट करने का मामले**



हैरानी की बात यह है कि पुलिस विभाग से अभी तक पुलिस कर्मी सस्पेंड नहीं किए गए हैं। हिमाचल पुलिस के डीआईजी क्राइम डीके चौधरी ने बताया कि पुलिस कर्मियों पर जो मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच पूरी हो गई है। उन्हें तलाशने का पुलिस प्रयास कर रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, उन्हें सस्पेंड करने का अधिकार उनके कंट्रोलिंग अफ्सर यानी एसपी बद्दी व संबंधित बटालियन के कमांडेंट का है।

### यह था मामला

**यह** मामला एक पति-पत्नी द्वारा दर्ज करवाया गया है। उन्होंने छह पुलिस कर्मियों पर थाना परिसर के अंदर गंभीर हिंसा व अनुचित व्यवहार का मामला दर्ज करवाया है। इस मामले से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज को भी नष्ट करने का आरोप लगा था। कोर्ट के आदेशों पर मामला दर्ज होने के बाद छह आरोपियों ने पहले नालागढ़ कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। उसके बाद फिर वह हाईकोर्ट पहुंचे और अब सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिली है। ताजा मामला आरोपर चंदर किरण का है। वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई थी और अब उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले से जुड़े अन्य पुलिस कर्मियों ने भी सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई है, लेकिन उस पर अभी सुनवाई बाकी है। हालांकि चंदर किरण की याचिका खारिज होने के बाद, अब अन्य आरोपियों की याचिका मंजूर होने की उम्मीदें भी कम होती नजर आ रही हैं।

## विपक्ष ने साजिश के तहत राजस्व मंत्री को उकसाया: केसर

**रिकांगपिओ।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर लगातार प्रदेश के राजस्व मंत्री के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं यह आरोप हिमाचल प्रदेश जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य केसर नेगी ने अपने व्यक्तव्य में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर लगाए हैं। केसर ने कहा कि जयराम ने मंत्री के प्रति लगातार अशोभनीय भाषा, तू तड़ाक की भाषा का प्रयोग किया है। यह उनकी जनजातीय समाज के प्रति हीन भावना को दर्शाता है।

# किन्नौर में फूलों के त्योहार फुलायच मेले की धूम

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों फुलायच मेले की धूम है। बारंग गांव में फुलायच मेले का आयोजन वेशकीमती फूल ब्रह्मकमल सहित कई अन्य फूलों के गांव में आगमन के साथ शुरू हुआ।

इन फूलों को ग्रामीण अंग्रेजी के वाई अक्षर के लकड़ी के डंडे में सुसज्जित कर गांव में पहुंचाते हैं, जिसमें देवी-देवताओं का वास माना जाता है। यही से बारंग गांव का फुलायच मेले का आयोजन हुआ, जहां गाव के देवी-देवता एवं ग्रामीण 5 दिनों



तक देव स्थल पर नाच गान में शरीक होते हैं। गांव की सुख-समृद्धि के लिए मनाए जाने वाले इस फुलायच मेले में देव कारदारों कीअ ओर से कई पूजा-पाठ भी करवाए जाते हैं। फूलों के इस त्योहार को जिले के विभिन्न ग्रामीण बड़े धूमधाम से अलग-अलग तीथियो के अनुसार मनाते हैं।

### नैहर स्वार में ग्रामीणों ने की वार्ड सदस्य की सदस्यता समाप्त करने की मांग

# तानाशाही के खिलाफ उठी आवाज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन ब्लॉक के नेहर स्वार गांव में वार्ड सदस्या की तानाशाही के खिलाफ स्थानीय निवासी चंद्रमणि शर्मा, बाबू राम, संजीव शर्मा, विकास शर्मा और वंदना शर्मा ने शिकायत करते हुए बताया कि वार्ड सदस्या और उनके परिवार की ओर से मनरेगा के तहत चल रहे काम में अनियमितता की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जेसीबी के द्वारा काम हो चुका है और मल्कियत में ही जोहड़ खुदवा कर तानाशाह बन रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया



कि वार्ड सदस्य अपने पसंद से काम करवा रही है और ग्रामीणों की मर्जी के खिलाफ काम किया जा रहा है। मनरेगा के तहत मस्टरोल पर काम चला हुआ है, लेकिन यह काम जेसीबी के द्वारा हो चुका है और जेसीबी को किसी की मल्कियत से सड़क खुदवाकर जबरदस्ती कर मल्कियत में ही जोहड़ खुदवा कर तानाशाह बन रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इसकी तानाशाही को रोका जाए और वार्ड सदस्य और उसके पति व ससुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए और वार्ड सदस्या को उसके पद से निष्कासित किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे लोग समाज का विकास नहीं कर सकते और उनकी तानाशाही को रोकना जरूरी है।

# शेविंग प्लांट में कार्यरत दो कामगार केमिकल की चपेट में आए, घायल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला स्थित विप्रो उद्योग के शेविंग प्लांट में कार्यरत दो कामगार केमिकल की चपेट में आने से घायल हो गए।

हादसे में एक कामगार सुनील निवासी धर्मपुर जिला मंडी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका ईलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है, जबकि दूसरा युवक राजीव निवासी देहरा भी घायल हुआ, जिसे उपचार के बाद छुट्टी दी गई। जानकारी के अनुसार हादसा शेविंग क्रीम प्लांट में हुआ, जब स्टाफ रोजाना की तरह काम कर रहा था, तो राजीव व सुनील ने केमिकल पाउडर जैसे ही मशीन में डाला, वैसे ही काम कर रहे कामगारों के उपर जा गिरा,



जिसमें दो कामगार चपेट में आ गए। राजीव व सुनील ने बताया कि उन्हें दूसरे प्लांट से शिफ्ट किया गया है, जबकि इस प्लांट में काम करने का एक्सपीरिएंस नहीं था, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने फिर भी इस प्लांट में शिफ्ट किया। उन्होंने बताया कि अगर उस समय मौके से भागते नहीं, तो जान भी जा सकती थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना बरोटीवाला के तहत कंपनी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है।

# पार्टी से टिकट मिला तो लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा : संजय

## भाजपा मंडल सोलन के मीडिया सह-प्रभारी संजय मलिक ने पेश की पार्षद पद की दावेदारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड -5 में भाजपा पार्षद कुलभूषण गुप्ता के आकस्मिक निधन से रिक्त हुए पद के उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होते ही दावेदार सामने आने लगे हैं।

भाजपा मंडल सोलन के मीडिया सह प्रभारी संजय मालिक ने नगर निगम सोलन के वार्ड-5 में पार्षद पद के उपचुनाव में अपने दावेदारी पेश की है। संजय का दावा है कि यदि पार्टी नेतृत्व ने उनपर भरोसा जताया, तो वे वार्ड के लोगों की उम्मीद पर भी खरा उतरेंगे। संगठन में छात्र जीवन से लेकर अब तक 35 वर्ष का राजनीतिक सफर में संजय पूर्व में एबीवीपी के पदाधिकारी रहने के बाद कई वर्ष भाजपा मंडल के सचिव पद पर कार्यरत रहे। मलिक पिछले 35 वर्षों से वार्ड के चुनाव बूथ में भाजपा की तरफ से बीएलओ की जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं। अभी वे बतौर भाजपा मंडल सोलन के मीडिया सह प्रभारी की भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। राजनीति के अलावा सामाजिक सरोकार से भी वास्ता रखते हैं।

### वार्ड का विकास करवाना ही लक्ष्य



**संजय** मलिक का कहना है कि पार्षद का चुनाव जीतकर उनका एक मात्र लक्ष्य वार्ड का संपूर्ण विकास करवाना है। इसमें सर्वप्रथम ओल्ड बस स्टैंड में प्रस्तावित मल्टीस्टोरी पार्किंग की योजना सिरे चढ़ाना है। इसी तरह पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस से चंबाघाट तक फुटपाथ निर्माण, सीवरेज व्यवस्था सुचारु करने, नालियों के निर्माण और पुरानी हो चुकी पाइप लाइन को बदल कर पेयजल की सुविधा को बेहतर बनाना है।

### 29 सितंबर को होने हैं चुनाव

**नगर** निगम सोलन के वार्ड नंबर-5 के पार्षद के उपनिर्वाचन के लिए नामांकन पत्र 11, 12 व 13 सितंबर को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की छंटनी 16 को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। 18 को प्रातः 10 से सायं 3 बजे तक उम्मीदवार द्वारा नियमानुसार नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। नामांकन वापस लेने की समयसीमा की समाप्ति पर 18 को चुनाव चिन्ह आवंटित कर सूची प्रदर्शित की जाएगी। निर्वाचन की स्थिति में 29 को मतदान होगा। मतदान प्रातः 8 से सायं 4 बजे के मध्य होगा।

**परेशानी** अंडर-19 आयु वर्ग की छात्राओं की चार दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, 21 पाठशालाओं की 300 छात्राओं ने लिया भाग

# राजगढ़ ने झटका आलराउंड बेस्ट का खिताब, वॉलीबाल में फागू ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शिक्षा खंड राजगढ़ की अड़र-19 आयु वर्ग की छात्राओं की चारदिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता पीएम श्री वैद्य सूरत सिंह स्मारक आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में संपन्न हो गई।

इस खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आल राऊंड बेस्ट का खिताब राजगढ़ स्कूल के नाम रहा। इस प्रतियोगिता में राजगढ़ की 21 पाठशालाओं की लगभग तीन सौ छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन प्रदेश विधानसभा के



खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर जीआर मुसाफिर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

पूर्व अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जहां प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है, वहीं पुरानी शिक्षा प्रणाली को बदलने की दिशा में भी कार्य हो रहा है। शिक्षा के लिए 880 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बच्चों में नशों की बढ़ती लत पर भी चिंता व्यक्त की और नशों पर लगाम लगाने में सभी को सहयोग देने का अपील की। उन्होंने छात्राओं से अपना लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया।

उन्होंने अपनी ओर से आयोजकों को 25 हजार की राशी देने की घोषणा की। इससे पहले स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य कांता चौहान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खेल प्रभारी भाग सिंह ने बताया कि खो-खो में मेजबान राजगढ़ ने फाइनल में धरोटी को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वॉलीबाल में फागू की खिलाड़ियों ने बाजी मारी। उन्होंने फाइनल में डिब्बर स्कूल को पराजित किया। कबड्डी में भनोग ने बढ़ोली को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन व योगा में सनोरा स्कूल प्रथम स्थान पर रहा।

### कुश्ती की ट्रॉफी भनोग स्कूल के नाम

**कुश्ती** की ट्रॉफी भनोग स्कूल के नाम रही, जबकि कोटला बांगी स्कूल उपविजेता बना। कुश्ती के 50 किलो वर्ग में कोटला बांगी की नेहा ने जदोल टपरोली की मोनिका को हराया। 53 किलो वर्ग में भनोग की निहारिका ने कोटला बांगी की शगुन को पराजित किया। 57 किलो वर्ग में भनोग की नेहा ने गढ़ोल पिडग की तानिया को हराया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लोक नृत्य में देवठी मझगांव प्रथम व फागू द्वितीय स्थान पर रहा। समूह गान में गुरुकुल पीच वेली स्कूल प्रथम स्थान पर रहा। भाषण में राजगढ़ स्कूल की पारुल सिंह प्रथम व गुरुकुल स्कूल की निवेदिता द्वितीय स्थान पर रही। वोकल गायन में दीदग स्कूल की मुस्कान प्रथम व गुरुकुल स्कूल की औशी सिंह द्वितीय स्थान पर रही।

## न्यूज ब्रीफ

### फोटो मतदाता सूचियों के लिए बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संयुक्त आयुक्त एमसीसी सह एईआरओ-06 की अध्यक्षता में नगर निगम सेक्टर-17 चंडीगढ़ में राजनीतिक दलों और क्षेत्रीय पार्षदों के साथ फोटो मतदाता सूचियों के विशेष सारांश संशोधन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी हितधारकों को एसएसआर में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने के लिए कहा गया जो बीएलओ के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि काम समयबद्ध तरीके से हो और स्वस्थ और शुद्ध मतदाता सूची बनाई जा सके।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पुरस्कार के लिए अंतिम तिथि भारत सरकार द्वारा 15-9-2024 तक बढ़ा दी गई है। चंडीगढ़ के योग्य बच्चे जो उपरोक्त पुरस्कार के लिए नामांकित होने के इच्छुक हैं, वे 15-9-2024 तक ऑनलाइन पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से अपने ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

### मेयर ने एसएस-2024 की प्रगति की समीक्षा की



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** शहर के मेयर कुलदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के मापदंडों से संबंधित रोजमर्रा के मामलों को जमीनी स्तर पर निपटाने के लिए अधिकारियों का एक विशेष दस्ता गठित किया जाएगा। एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, महापौर ने संबंधित अधिकारियों को एक टीम गठित करने के लिए कहा, जिसमें एमसीसी के सभी विंग जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण के दैनिक मामलों की देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम एमसीसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी उल्लंघनों की जांच करेगी और बकाएदारों का नियमानुसार मौके पर ही चालान किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि टीम अपने-अपने विंग से जुड़ी समस्याओं और मुद्दों को भी देखेगी और अपने स्तर पर उसका समाधान करेगी। महापौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण और इसके मापदंडों के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए शहर के सभी परिधीय क्षेत्रों सहित गांवों, कॉलोनियों और मलिन बस्तियों में मासिक जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।

### रामदरबार में एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** एनजीओ रॉकेट लर्निंग के सहयोग से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया था। शिविर का उद्घाटन अनुराधा एस चगती, सीएसएस, सचिव समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन और डॉ. पालिका अरोड़ा, निदेशक, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन ने किया। सचिव समाज कल्याण एवं निदेशक समाज कल्याण द्वारा लाभार्थियों को पोषण की कढ़ाई भी वितरित की गई। सत्र का उद्देश्य माताओं को उनके स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के लिए सशक्त बनाना है। कुल 95 लाभार्थियों की जांच की गई। गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) और मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) वाले बच्चों के लिए एक व्यापक जांच और पहचान अभ्यास खुड्डा लाहौरा में हुआ। 30 बच्चों की वृद्धि निगरानी से पता चला कि सभी की पहचान सामान्य के रूप में की गई। कुपोषण से निपटने के रचनात्मक प्रयास में मनीमाजरा में एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# चंडीगढ़ सेक्टर 34 में चल रहा किसान 'आंदोलन' हुआ खत्म

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब की नई कृषि नीति पर अमल में कथित देरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों ने शुक्रवार को अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। इससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों को आश्वासन दिया था कि नीति का मसौदा 30 सितंबर तक उनके साथ साझा किया जाएगा।

मान ने किसानों को यह भी आश्वासन दिया कि नीति के क्रियान्वयन से पहले उनके सुझावों को शामिल किया जाएगा। मान ने भारती किसान यूनियन (उगराहां) और पंजाब खेत मजदूर यूनियन के नेताओं के साथ बृहस्पतिवार को दो घंटे से अधिक समय तक बैठक की जिसमें प्रदर्शनकारी किसानों की मांगों पर चर्चा की गई। भारती किसान यूनियन (उगराहां) और पंजाब खेत मजदूर यूनियन के बैनर तले किसानों ने कृषि नीति के क्रियान्वयन सहित अन्य मांगों को लेकर रविवार से पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। प्रदर्शन स्थल पर भारती किसान यूनियन (उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने राज्य सरकार से कृषि नीति को सार्वजनिक करने का आग्रह किया है। उगराहां ने कहा,'' उन्होंने (सरकार ने) कहा कि उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, '' हम 30 सितंबर तक इंतजार करेंगे। नीति की प्रति मिलने पर हम इसे पढ़ेंगे और एक बैठक करेंगे तथा आगे की कार्रवाई तय करेंगे।''

उगराहां ने कहा, ''हमने चंडीगढ़ में अपराह्न दो बजे विरोध प्रदर्शन समाप्त करने का फैसला किया है।'' वीरवार को मान से मुलाकात के बाद किसानों की आगे की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर किसान नेता ने कहा कि वे बैठक के बाद फैसला लेंगे। मान ने किसानों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नई कृषि नीति इस दिशा में एक कदम आगे होगी। (अनंत ज्ञान)



# कांग्रेस नेता का पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग के नेतृत्व में कांग्रेस ने शुक्रवार को चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में खरड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नया गांव नगर समिति में प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



कंग ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन पंजाब सरकार के कथित खराब प्रदर्शन के खिलाफ किया गया। प्रदर्शन के दौरान नगर निगम समिति और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कंग ने प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब, विशेषकर खरड़ विधानसभा क्षेत्र और नया गांव नगरपालिका पिछले चुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत पर अफसोस जता रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार और नेता अराजकता में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार और नया गांव के मौजूदा नगर निकाय की उदासीनता के कारण क्षेत्र के लोगों को सीवेज, पेयजल, सड़क, नालियों और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# प्रवासियों की सुविधा के लिए बनाया उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ : राधा रतूड़ी




**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

राधा रतूड़ी ने कहा कि इस पहल से राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों व हितधारकों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रवासियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी मिलेगी। इस प्रयास से विभिन्न देशों में रहने वाले उत्तराखंड के प्रवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी सहायता मिलेगी। रतूड़ी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के प्रवासियों की सुविधा के लिए उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ बनाया गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर विदेशों में रह रहे उत्तराखंड के मूल निवासियों की शिकायतों के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए एक प्रवासी बोर्ड गठित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के सन्दर्भ में विदेशों में शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रक्रियाओं, प्लेसमेंट एजेंसियों के सेंसटाइजेशन, सुरक्षित व कानूनी माइग्रेशन, वैवाहिक विवाद, मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी की प्रक्रियाओं की जानकारी, प्रवासियों के संबंध में डेटा शेयरिंग का विशेष महत्व है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के पूर्व सीएम के आवास पर बम हमला

**बुजुर्ग की मौत, पांच घायल**

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के बम हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा।

शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है। अधिकारी ने कहा कि बम फटने के समय बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में 13 वर्षीय लड़की सहित पांच अन्य घायल हो गए। यह रॉकेट आईएनए मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर गिरा।

# चंडीगढ़ में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

## 17 को राज्य पुरस्कार और 9 को प्रशस्ति पत्र, 4 शिक्षकों को विशेष सम्मान



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने गुरु नानक ऑडिटोरियम, राजभवन, चंडीगढ़ में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिक्षकों को राज्य पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शिक्षकों को पुरस्कार देने का उद्देश्य शहर के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अद्वितीय योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजीव वर्मा सलाहकार मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव के शिव प्रसाद, श्री अभिजीत विजय चौधरी, सचिव शिक्षा, एचएस बराड़, निदेशक स्कूल शिक्षा जतिंदरपाल मल्होत्रा, अध्यक्ष भाजपा, चंडीगढ़ और चंडीगढ़ प्रशासन और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी। 17 प्रिंसिपल और शिक्षकों को राज्य पुरस्कार दिए गए, 9 शिक्षकों को उनके असाधारण कार्य के लिए प्रशंसा मिली और 4 शिक्षकों को विशेष मान्यता पुरस्कार मिला।

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने विभाग को शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने डॉ. एस राधाकृष्णन का भी जिक्र किया और उनके जन्मदिन की कहानी सुनाई, जिससे आखिरकार शिक्षक दिवस के रूप में एक महत्वपूर्ण दिन बन गया। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में बात की, जिन्होंने भारत के राष्ट्रपति होने के बाद भी एक साधारण जीवन व्यतीत किया। (अनंत ज्ञान)

### पेंशनर्स अब किसी भी बैंक से ले सकेंगे पेंशन

**इंदौर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों के लिए अच्छी खबर है। अब 1 जनवरी 2025 से किसी भी बैंक शाखा से पेंशन ले सकेंगे। यह बात श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कही। सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के लिए सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट सिस्टम के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सीपीपीएस से पूरे देश में किसी भी बैंक की शाखा के माध्यम से पेंशन का भुगतान को सकेगा। मांडविया ने कहा कि सीपीपीएस ईपीएफओ के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके तहत पेंशनर्स देश में कहीं भी, किसी बैंक और शाखा से पेंशन पाने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल लंबे समय से चल आ रही पेंशनधारकों की समस्याओं का हल करेगी।



### छतरपुर में बस यात्रियों के जेवर व कैश लूटा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र बस लूटने का मामला सामने आया है। जहां दो बदमाशों ने बस में लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बंदूक लहराकर मुसाफिरों को डराया फिर जेवर-कैश लेकर भाग निकले। इस दौरान बदमाशों ने हवाई फायर भी किए। पुलिस जांच कर रही है। हालांकि, चंद घंटों बाद ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह राजनगर थाना क्षेत्र में कुटने डैम के पास की है। बस छतरपुर से सतना जा रही थी। इसमें 20 यात्री सवार थे। जहां बाइक पर आए बदमाशों ने सवारी बन बस को रुकवाया और बंदूक दिखाकर यात्रियों से पैसे-गहने छीन लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने तीन हवाई फायर भी किए और मौके पर अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए।



### पाक में भ्रष्टाचार रोधी कानून के बदलावों को मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ सरकार को बड़ी राहत देते हुए भ्रष्टाचार रोधी कानून में हुए बदलावों को लागू करने की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने संघीय सरकार और अन्य पक्षों द्वारा दायर इंट्रा-कोर्ट अपील पर यह फैसला दिया है। पांच जजों की पीठ ने बीती 6 जून को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो कानूनों में संशोधन को पूर्व में रद्द कर दिया था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले को पलट दिया है।




### कोचर दंपती को नोटिस जारी, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन लोन धोखाधड़ी मामले में पूर्व आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ और एमडी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को जमानत दिए जाने के खिलाफ सीबीआई द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू (सीबीआई की ओर से) की सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया, जिन्होंने हाईकोर्ट के आदेश पर आपत्ति जताई थी, जिसमें कोचर की गिरफ्तारी को 'अवैध' घोषित करते हुए इसे 'शक्ति का दुरुपयोग' बताया।



### रायपुरः लॉ स्टूडेंट से पुलिस जवान ने किया दुष्कर्म

**रायपुर।** राजधानी में एक लॉ की स्टूडेंट से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक पुलिस जवान ने लॉ की स्टूडेंट से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जवान ने नशीला पदार्थ पिलाकर अपनी ही कार में युवती से दुष्कर्म कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी जवान पुलिस अकादमी चंद्रखूरी में पदस्थ है। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।



## देश-विदेश

# छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में छह आईईडी बरामद

**एजेंसी, कोंडागांव**

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के एक जंगल में सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए छह 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरासगांव के पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि वीरवार को गश्त पर निकली जिला पुलिस की एक टीम ने धनोरा पुलिस थाना क्षेत्र के मडगांव के जंगल में चार किलोग्राम वजन के तीन और तीन किलोग्राम वजन के तीन आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोटकों को जमीन के नीचे छुपा रखा था। विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया और एक बड़े हादसे को टाल दिया। कोंडागांव सहित सात जिलों वाले बस्तर संभाग में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए नक्सली अक्सर विस्फोटक लगाते हैं।



### फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट का ऐलान जल्द : कंगना

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने बहुचर्चित फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म की रिलीज डेट अभी स्थगित कर दी गई है। जल्द ही रिलीज की नई डेट घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने इस संबंध में अपने एक्स अकाउंट में पोस्ट भी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि भारी मन से मैं घोषणा करती हूं कि 'आपातकाल' को स्थगित कर दिया गया है। हम अभी भी सेंसर बोर्ड के सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं। नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, आपकी समझ और धैर्य के लिए धन्यवाद। बता दें कि हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड को 18 सितंबर को इस पर फैसला लेने का आदेश दिया है।



# मुंबई : टाइम्स टॉवर बिल्डिंग में लगी भीषण आग

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के मुंबई में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मुंबई के लोअर परेल वेस्ट में स्थित टाइम्स टॉवर बिल्डिंग में आग लग गई। सूचना मिलने पर आग बुझाने के लिए मौके दमकल की 9 गाड़ियां पहुंचीं। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं आई है। बृहन्मुंबई नगर निगम की ओर से आग लगने की घटना की पुष्टि की गई।

परेल वेस्ट में टाइम्स टॉवर 7 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग है। बीएमसी के अनुसार लोअर परेल के कमला मिल परिसर में स्थित टाइम्स टॉवर में सुबह साढ़े 6 बजे के करीब आग लगी थी। दमकलकर्मियों ने बताया कि आग नियंत्रण में है, लेकिन तार और एसी में लगी आग लगने के कारण अभी भी काफी धुआं है। धुआं कम होने के बाद तलाश और बचाव कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल अंदर कोई फंसा नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।



# विधायक अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' का प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान एवं अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर भाजपा मुख्यालय के निकट प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी डीडीयू मार्ग पर आप के पुराने कार्यालय के पास जमा हुए, जिन्हें पुलिस ने भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अवरोधक लगाए गए थे। प्रदर्शन में शामिल खान की पत्नी मरियम ने आरोप लगाया कि उनके पति को ''फर्जी'' मामले में फंसाया गया है। दिलीप पांडे और कुलदीप कुमार समेत आप विधायकों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस सप्ताह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओखला से आप विधायक खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड में अध्यक्ष पद पर अपने कार्यकाल के दौरान भर्ती से संबंधित धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था।



# भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात के बाद श्रीलंकाई प्रांत के गवर्नर का इस्तीफा

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के प्रांतीय गवर्नर एजे मुजम्मिल ने भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात के कुछ घंटों बाद इस्तीफा दे दिया और विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा के प्रति अपनी निष्ठा जताई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रेमदासा के लिए उनका इस्तीफा और समर्थन 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से 16 दिन पहले आया है। मुजम्मिल को अगस्त 2020 में श्रीलंका के पूर्व नेता गोटबाया राजपक्षे द्वारा उवा प्रांत का गवर्नर नियुक्त किया गया था। मुजम्मिल ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को लिखे अपने त्याग पत्र में कहा कि कुछ राज्यपालों के प्रति मेरी निराशा है, जो राज्यपाल पद पर रहते हुए विभिन्न राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं।

# जेपी नड्डा ने बिहार में आंखों के अस्पताल का किया उद्घाटन

**एजेंसी, पटना**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) के परिसर में आंखों के अस्पताल और नए भवन का उद्घाटन किया। नड्डा शुक्रवार को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बिहार के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान पटना, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में कई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, बिहार के मंत्री मंगल पांडे और विजय कुमार चौधरी की मौजूदगी में नड्डा ने आंखों के अस्पताल का उद्घाटन किया। इसका निर्माण करीब 188 करोड़ रुपउ की लागत से किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह संस्थान ट्रॉमा सेंटर की सुविधा वाला पूर्वी भारत का सबसे बड़ा नेत्र अस्पताल है। नड्डा ने आईजीआईएमएस में स्वास्थ्य उप-केंद्र (एचएससी), अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी), स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत कुल 850 करोड़ रुपए की लागत की कई स्वास्थ्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इससे पहले दिन में पटना के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नड्डा के पहुंचने पर भाजप) के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

**सौगात** बन रही हैं 24,800 वर्षा जल संचयन संरचनाएं

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ

**एजेंसी, गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये गुजरात के सूरत में 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा हाल के दिनों में देश के हर कोने में वर्षा का जो तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा जिसको इस मुसीबत का सामना न करना पड़ा हो।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार गुजरात पर बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं, लेकिन गुजरात के लोगों और देशवासियों का एक स्वभाव है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर हर कोई, हर किसी की मदद करता है। उन्होंने कहा कि जल संचय केवल एक नीति नहीं, यह एक प्रयास भी है और यूं कहें कि यह एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी है।

पीएम ने कहा कि जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण ये हमारे लिए कोई नए शब्द नहीं हैं। यह हालात के कारण हमारे हिस्से आया काम नहीं है। ये भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा हैं। इस कार्यक्रम के तहत सामुदायिक भागीदारी से राज्यभर में लगभग 24,800 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

# पैरालंपिक : प्रवीण कुमार को ऊंची कूद में सोना

**एजेंसी, पेरिस**

टोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के कुमार (21 साल) ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया।


अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रवीण कुमार ने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाए रखा।

इसके बाद प्रवीण कुमार और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा।

यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रवीण कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था।

टी-64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। प्रवीण कुमार का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बाएं पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे।




इस असुरक्षा की भावना से लड़ने के लिए उन्होंने खेल खेलना शुरू किया और वॉलीबॉल में हाथ आजमाया।

पर एक पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में भाग लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई।

## सिमरन महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा के सेमीफाइनल में

भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सिमरन शर्मा ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन ने 25.41 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में शीर्ष स्थान हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। नियम के अनुसार प्रत्येक हीट का विजेता फाइनल-ए के लिए क्वालीफाई करता है। प्रत्येक सेमीफाइनल में तीन सबसे तेज धावक फाइनल ए के लिए क्वालीफाई करते हैं।

पैरालंपिक खेलों में टी12 श्रेणी दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था और उन्होंने अगले 10 सप्ताह इनक्यूबेटर में बिताए जहां पता चला कि वह दृष्टिबाधित है। गुरुवार को सिमरन महिला 100 मीटर टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं थी।




**दीपेश कुमार अंतिम स्थान पर रहे ।** भारत के दीपेश कुमार शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ54 स्पर्धा के फाइनल में अंतिम स्थान पर रहे।

दीपेश (19 वर्ष) सात खिलाड़ियों के फाइनल में 26.11 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ निचले स्थान पर रहे। दिसंबर 2023 में नयी दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले दीपेश अपनी स्पर्धा में थ्रो करने वाले अंतिम एथलीट थे और पोडियम पर पहुंचने के लिए उन्हें 30 से अधिक अंक चाहिए थे।

## पैरालंपिक में रोहडू के ललित ठाकुर होंगे स्थांतरणीय अतिथि

**दशमी रावत, रोहडू ।** पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के सहसचिव, अंतरराष्ट्रीय कोच व हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के रोहडू से संबंध रखने वाले ललित ठाकुर को राष्ट्रीय पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक कमेटी व स्थानीय आयोजन कमेटी द्वारा पेरिस पैरालंपिक खेलों में स्थांतरणीय अतिथि के रूप में नामांकित किया है। (अनंत ज्ञान)



## भारतीय कैनोइंग चालक सेमीफाइनल में

**भारत** की प्राची यादव और यश कुमार ने पैरालंपिक खेलों की कैनोइंग (डोंगीचालन) प्रतियोगिता में क्रमशः महिलाओं की वीएल2 200 मीटर और पुरुषों की केएल1 200 मीटर में अपनी-अपनी हीट में चौथे और छठे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 74 | 56 | 39 | 169 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 38 | 31 | 19 | 88 |
| 03. | अमेरिका | 27 | 34 | 18 | 79 |
| 04. | नीदरलैंड | 21 | 10 | 08 | 39 |
| 05. | फ्रांस | 17 | 24 | 22 | 63 |
| 06. | इटली | 17 | 11 | 29 | 57 |
| 07. | यूक्रेन | 16 | 21 | 27 | 64 |
| 08. | ब्राजील | 15 | 18 | 30 | 63 |
| 09. | ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 19 | 45 |
| 10. | जर्मनी | 09 | 09 | 16 | 34 |
| 14. | भारत | 06 | 09 | 11 | 26 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनुज ने दिल्ली प्रीमियर लीग में सफलता का श्रेय कोहली को दिया

**नई दिल्ली ।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अनुज रावत ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपनी सफलता का श्रेय विराट कोहली की अपनी तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने की सलाह को दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले रावत ने डीपीएल में आठ मैचों में 328 रन बनाए हैं। रावत ने कहा, ''मैंने उनसे (कोहली) खेल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि खेल में चाहे स्थिति कैसी भी हो अपनी तैयारी में निरंतरता बनाए रखो। इससे आपको मानसिक रूप से मदद मिलेगी। उनकी यह सलाह निश्चित रूप से मेरे काम आई।''



### विक्रम राठौड़ और रंगना हेराथ न्यूजीलैंड कोचिंग स्टाफ में शामिल

**ऑकलैंड।** भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज रंगना हेराथ को अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका जाने से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेगा। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट मैच 9 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम को अक्तूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलनी है। हेराथ को अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। राठौड़ केवल अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड की टीम के साथ रहेंगे। राठौड़ इससे पहले राहुल द्रविड़ की अगुवाई वाले भारतीय कोचिंग स्टाफ में बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल थे। इस साल जून में भारत की टी-20 विश्व कप में जीत के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।





### सागरिका की फोटो देखकर फैंस हैरान

**नई दिल्ली ।** मॉडल से एक्ट्रेस बनी पूर्व क्रिकेटर जहीर खान की पत्नी सागरिका घाटगे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और लगातार अपनी तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। उन्होंने मस्ती करते हुए अपनी ताजा तस्वीर शेयर की है जिसे देखकर उनके फैंस हैरान हैं। सागरिका घाटगे के इंस्टाग्राम पर 18 लाख से ज्यादा फोलोअर है।



# नीरज ने डायमंड लीग के फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा।

चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने गुरुवार को ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमश: 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे। हरियाणा के खिलाड़ी ने कहा है कि ओलंपिक खेलों से पहले से ही उनकी कमर की चोट उन्हें परेशान कर रही है जो 90 मीटर का आंकड़ा छूने की उनकी राह में बाधा बन रही है। चोपड़ा ने 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी। वह पिछले साल अमेरिका के यूजीन में खेले गए डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे।




डायमंड लीग के फाइनल के विजेता को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30,000 अमेरिकी डॉलर और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड मिलता है। इस फाइनल के साथ ही चोपड़ा इस सत्र का समापन भी करेंगे।

## तनीषा और ध्रुव की जोड़ी ताइपे ओपन से बाहर

**एजेंसी, ताइपे**

भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

भारतीय जोड़ी आधे घंटे से अधिक समय तक चले मैच में थाईलैंड की पक्कापोन तीररात्साकुल और फातिमास मुएनवोंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 20-22, 12-21 से हार गई।

दुनिया में 97वें स्थान पर मौजूद तनीषा और ध्रुव ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वे 6-3 से आगे थे। इसके बाद 19-16 की बढ़त पर भी उनके पास पहला गेम जीतने का मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।




थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरू से ही नियंत्रण बना दिया था। इंटरवल तक उन्होंने 11-6 से बढ़त हासिल कर रखी थी। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

तनीषा और ध्रुव के बाहर होने के साथ ही भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई।

## भारत के तेज गेंदबाजों के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया में हराना मुश्किल : लाबुशेन

**मुंबई ।** स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाजों के कारण उसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई हालात में हराना कठिन होगा। भारत ने 2014-15 में 1-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हर द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में हराया है। भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में सीरीज 2-1 से जीती थी।



लाबुशेन ने कहा ,''भारत के तेज गेंदबाज शानदार हैं, जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलियाई हालात में उन्हें हराना कठिन होगा। इस सीरीज को लेकर काफी अपेक्षाएं हैं। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबले हमेशा कठिन होते हैं, चाहे वे जहां भी खेले जाएं।''

आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय खिलाड़ियों को सुपरस्टार कहा और भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मैदान पर प्रतिद्वंद्विता फिर शुरू होने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा ,'' मैंने अपने पूरे कैरियर में कहा है कि मैं सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता हूं। आप पूरी भारतीय टीम को देख लीजिए जिसमें सुपरस्टार भरे हैं।'' उन्होंने कहा ,'' अश्विन और मैंने एक ही समय पर पदार्पण किया था और कई सीरीज में एक-दूसरे के खिलाफ खेले हैं। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। वह आफ स्पिन का महारती है और उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

# जेसिका पेगुला और आर्यना सबालेंका में होगा यूएस ओपन का खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।


जेसिका पेगुला

न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।


आर्यना सबालेंका

### प्वाइंट कार्ड

| एम्मा नवारो | | आर्यना सबालेंका |
|---|---|---|
| 01 | एस | 08 |
| 01 | डब्ल फॉल्ट | 05 |
| 75% | पहली सर्व | 68% |
| 68% | पहली सर्व जीती | 74% |
| 27% | दूसरी सर्व जीती | 59% |
| 2/5 | ब्रेक प्वाइंट | 3/6 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 01 |
| 60 | प्वाइंट जीते | 72 |

### इरानी-वावसोरी को मिश्रित युगल का खिताब

इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था।



## विश्व बधिर चैंपियनशिप शौर्य सैनी को 50 मीटर राइफल 3पी में स्वर्ण पदक

हनोवर । शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैम्पियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 से फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। अन्य भारतीयों में कुशाग्र सिंह ने फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया।

चेतन हनमंत सपकाल ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 17 (पांच स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य) हो गई है।

चेतन ने 534 अंक से कांस्य पदक जीता जिससे वह यूर्क्रन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे जिन्होंने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते।

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो क्रोएशिया के खिलाफ मैच में गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया।

रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्त्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा।

**रियल मैड्रिड के लिए 450 गोल, मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 145, जुवेंटस के लिए 101 और अल नासर के लिए 68 गोल किए**



**फुटबॉल** दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में शीर्ष स्थान बरकरार

# अर्जेंटीना ने चिली को एकतरफा 3-0 से हराया

**एजेंसी, ब्यूनस आयर्स**

अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेसी और संन्यास लेने वाले एंजेल डि मारिया के बिना भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली को 3-0 से हराकर दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एलेक्सिस मैक एलीस्टर ने 48वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया जबकि जूलियन अल्वारेज ने 84वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुना कर दी। पाउलो डायबाला ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया।

इस जीत से अर्जेंटीना के सात मैच के बाद 18 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष-6 स्थान पर रहने वाली टीम अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि 7वें स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे परिसंघ की टीम के खिलाफ प्लेऑफ मैच खेलेगी। चिली अब तक केवल एक जीत के साथ नौवें स्थान पर है। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना मंगलवार को बैरेंक्विला में कोलंबिया के खिलाफ मुकाबले के साथ क्वालीफायर के अपने डबल हेडर पूरे करेगा, जबकि चिली उसी दिन सैंटियागो में बोलीविया की मेजबानी करेगा।


चिली के खिलाफ गोल करने के बाद खुशी मनाते अर्जेंटीना के खिलाड़ी।

### दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष-6 टीमें विश्व कप 2026 के लिए सीधे प्रवेश करेंगी

### स्कोर कार्ड

| अर्जेंटीना | | चिली |
|---|---|---|
| 16 | शॉट | 05 |
| 08 | लक्ष्य पर शॉट | 01 |
| 65% | नियंत्रण | 35% |
| 642 | पास | 341 |
| 08 | फाऊल | 14 |
| 02 | येलो कॉर्ड | 03 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 00 | ऑफ साइड | 01 |
| 04 | कार्नर | 04 |